The Minister of Defence (Shri Y. B. Chavan): Hon. members must have by now heard of the large-scale armed attack made by regular Pakistan forces in the Chaamb sector. The attack which began yesterday morning by a brigade of infantry and 70 tanks was preceded by heavy shelling of our positions by the Pakistani artillery. The Pakistanis crossed the International Frontier close to the junction of the cease-fire line with the International Frontier. Because of the massive attack, Pakistanis have been able to make a salient of about five miles deep.

Yesterday evening our Air Force made a strike and in the combined resistance by our ground troops as well as the air strike, 13 Pakistani tanks were destroyed. Many enemy vehicles and guns were also hit. Two of our aircraft are missing and two have been damaged. Other casualties of the battle are not yet known.

The situation is under control; and necessary counter-measures have been initiated. Militarily it is a developing situation. The massive intervention of armour by Pakistan has escalated the conflict rapidly. We have to take an overall view of defence. Our troops are fighting bravely and confidently and I am certain that our forces are competent to meet any situation.

Shri S. M. Banerjee (Kanpur) *rose—*

Mr. Speaker: The desire is no questions might be put.

श्री किशन पटनायक (सम्बलपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं एक आश्वासन चाहता हूं ।

अध्यक्ष महोदय : पटनायक साहब, कोई भी आश्वासन इस वक्त कौन दे सकता है । आश्वासन मांगने की बात कहना इस समय ठीक नहीं है ।

12.05 hrs.

STATUTORY RESOLUTION *RE.* ALIGARH MUSLIM UNIVERSITY (AMENDMENT) ORDINANCE AND ALIGARH MUSLIM UNIVERSITY (AMENDMENT) BILL—*contd.*

Mr. Speaker: Let us now proceed with further discussion of the Statutory Resolution moved by Shri Yashpal Singh and the motion moved by Shri M. C. Chagla "That the Bill further to amend the Aligarh Muslim University Act, 1920, be taken into consideration".

Before we proceed with that, I have to make an announcement. The Minister will make a statement about Caravelle planes at 5.00 P.M. today.

Now, Shri Prakash Vir Shastri may continue his speech.

Shri Bade (Khargone): Sir, may I, in the beginning itself, request you to extend the time by one hour because yesterday even some of the leaders of the parties could not speak?

Mr. Speaker: All right, I will extend it by another hour. But now that should be the end.

श्री प्रकाशवीर शास्त्री (बिजनौर) : अध्यक्ष महोदय, कल अलीगढ़ मुस्लिम विश्व विद्यालय के सम्बन्ध में जो विधेयक शिक्षा मन्त्री की ओर से आया उसका समर्थन करते हुए और श्री यशपाल सिंह ने जो प्रस्ताव उपस्थित किया उसका विरोध करते हुए मैं यह कह रहा था कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय एक राष्ट्रीय विश्वविद्यालय है जिस प्रकार भारत के और दूसरे राष्ट्रीय विश्वविद्यालय हैं । इस विश्वविद्यालय के मुस्लिम स्वरूप को बनाये रखने से यदि सरकार का यह अभिप्राय है कि मुस्लिम संस्कृति का भारतीय सम्प्रदाय निरपेक्ष नीति के साथ कैसे समन्वय हो सकता है इस बात को बनाये रखने के लिये वहां पर कोई व्यवस्था की जाये

और इसी का नाम अलीगढ़ विश्वविद्यालय के मुस्लिम स्वरूप को कायम रखना है तो इसमें किसी को आपत्ति नहीं हो सकती। लेकिन अगर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के मुस्लिम स्वरूप को बनाये रखने का अभिप्राय यह है कि वह पाकिस्तान का गढ़ बन जाये या कुछ राष्ट्रीय प्रवृत्तियों को प्रोत्साहन मिले तो इस देश में इसे कभी सहन नहीं किया जा सकेगा।

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय को पिछले सत्रह सालों में भारत सरकार ने सहायता के रूप में जो पैसा दिया है वह 9 करोड़ 95 लाख 55 हजार 735 रु० के लगभग बैठता है। इस लगभग 10 करोड़ रु० में जो भारत सरकार के कोष से अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय को दिया गया है, भारत के सभी निवासियों का पैसा है, जो सरकार टैक्स के रूप में उनसे वसूल करती है। हमारे संविधान की धारा 27 में यह स्पष्ट रूप से निर्देश है कि भारत के किसी भी निवासी को टैक्स देने के लिये विवश नहीं किया जायेगा यदि वह पैसा किसी धर्म विशेष के प्रचार और उसके संगठन पर व्यय किया जाये। अगर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय का स्वरूप केवल मुस्लिम रक्खा जाता है और उसके लिये अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय को भारत में सुविधा रहती है तो भारत का संविधान इस 10 करोड़ रु० को देने की, जो कि भारत सरकार दे चुकी है, कभी इजाजत नहीं दे सकता था। इस दृष्टि से भी मेरा अपना अनुमान है कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय को एक राष्ट्रीय विश्वविद्यालय समझ कर ही भारत सरकार ने लगभग 10 करोड़ रु० दिया है।

मैं अब इस बात पर आता हूं कि राष्ट्रपति को अध्यादेश जारी करने की आवश्यकता क्यों हुई। चूंकि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की पिछली परिस्थितियां इस बात के लिये विवश कर रही थीं कि राष्ट्रपति अध्यादेश जारी करें। वहां अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के वर्तमान उपकुलपति श्री अलीयावर जंग के साथ जो घटना अप्रैल मास में घटी वह भी इतनी दुखद थी कि उससे विवश होकर राष्ट्रपति को यह पग उठाना पड़ा। न केवल श्री अलीयावर जंग को पीटने के वास्ते यह षड्यन्त्र किया गया था बल्कि जैसी शिक्षा मन्त्री और गृह मन्त्री को जानकारी होगी, जिस हाल में श्री अलीयावर जंग को लोग पीट रहे थे उसके बाहर उनको कब्रिस्तान तक ले जाने के लिये जनाजा भी तैयार था। उनको दफनाने तक का इन्तजाम कर लिया गया था। बल्कि श्री अलीयावर जंग को पीटते समय जो लोग उन को पीट रहे थे वह यह नारा लगा रहे थे कि "हैदराबादी मुर्गे, तू ने पहले तो हैदराबाद रियासत को खत्म किया और अब अलीगढ़ यूनिवर्सिटी को खत्म करने के लिये आया है।" इस नारे के पीछे उनकी मनोवृत्ति झलकती है कि किस मनोवृत्ति के आधार पर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के उपकुलपति को पीटा गया।

इस सम्बन्ध में मेरे कुछ कहने से ज्यादा अच्छा होगा कि उत्तर प्रदेश विधान सभा ने जो उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्यों की समिति वहां भेजी थी श्री नेकी राम शर्मा की अध्यक्षता में, और जिसमें मुसलमान और दूसरे सभी सम्प्रदायों के मेम्बर थे, उसकी रिपोर्ट का हवाला दूं। श्री नेकी राम शर्मा ने जो रिपोर्ट दी है वह भारत सरकार की आंख खोलने के लिये पर्याप्त होनी चाहिये।

इसके साथ साथ मैं श्री नवल किशोर, जो कि पहले उत्तर प्रदेश में शायद उपगृह मन्त्री थे उनकी रिपोर्ट की ओर भी आप का ध्यान खींचूंगा। उन्होंने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के सम्बन्ध में जो रिपोर्ट दी है उसमें यह कहा है कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में पाकिस्तानी तत्व पहले से मौजूद थे और श्री तैयब जी के समय में इस प्रकार की नियुक्तियां और हुईं जो पाकिस्तानी

[श्री प्रकाशवीर शास्त्री]

मनोवृत्ति के लोग थे । यह सारी की सारी स्थिति अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के अन्दर बनी । अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी का सन् 1947 के पहले क्या इतिहास रहा है, मैं उस दुःखद अध्याय को यहां पर नहीं छेड़ना चाहता कि किस प्रकार अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में बैठ कर देश के विभाजन का षड्यन्त्र तैयार किया गया, किस तरह से मौलाना आजाद जैसे राष्ट्रवादी लोगों का अपमान किया गया । वह बड़ी दुःखद बात होगी । अगर विस्तार से किसी व्यक्ति को पढ़ना हो तो डा० राजेन्द्र प्रसाद की पुस्तक "डिवाइडेड इंडिया" को पढ़ कर देख सकता है कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय ने भारत की राजनीति में क्या रोल अदा किया है ।

मैं तो उन लोगों से जो यह कहते हैं कि आज अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में कोई पाकिस्तानी तत्व नहीं हैं, या अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में कोई प्रतिक्रियावादी तत्व काम नहीं कर रहे हैं आठ दस प्रश्न पूछना चाहता हूं ।

क्या वह लोग यह भूल गए कि के० एम० मुनशी की पुस्तक "रिलीजस लीडर्स" को लेकर अलीगढ़ विश्वविद्यालय में क्या हंगामा हुआ था ?

क्या वे लोग यह भूल गए कि जब डा० जाकिर हुसैन अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के वाइस चासलर थे तो कुछ समय बाद उनको मजबूर होकर वाइस चांसलर के पद से त्यागपत्र देना पड़ा था । उन्होंने उस वक्त कहा था कि मैं यहां बड़ी हसरत लेकर आया था, लेकिन बहुत नाउम्मीद होकर बीच में इस विश्वविद्यालय को छोड़ कर जा रहा हूं ।

क्या वे लोग यह नहीं जानते कि यूनियन के चुनावों को लेकर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय ने साम्प्रदायिक फिजा को खराब करने के लिये क्या तरीके अपनाए थे ?

क्या वे लोग यह नहीं जानते कि ओलम्पिक खेलों में जब पाकिस्तान की हाकी टीम जीती थी तो उस मौके पर अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में जश्न मनाया गया था और वाइस चांसलर को लिख कर दिया गया था कि विश्वविद्यालय की छुट्टी रखी जाए ?

क्या वे लोग यह नहीं जानते कि हिन्दुस्तान तथा पाकिस्तान के विभाजन के बाद अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में चार पांच साल तक लगातार 14 अगस्त को राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता रहा क्योंकि पाकिस्तान का जन्म उसी तारीख को हुआ था, और बाद में जब गृह मन्त्रालय को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने इसको बन्द करवाया ?

क्या उन लोगों को यह पता नहीं है कि जिन्ना के मरने पर अलीगढ़ विश्वविद्यालय में मातम मनाया गया था ।

क्या वे लोग यह नहीं जानते कि अयूब के दोबारा चुने जाने पर अलीगढ़ विश्वविद्यालय में किस तरह मिठाइयां बांटी गयीं ?

क्या उनको पता नहीं कि जमाते इस्लामी का पहला कनवेंशन अलीगढ़ मुस्लिम यूनीवरसिटी में हुआ और उसमें भारत सरकार और भारत के खिलाफ जहर उगला गया ।

क्या उन को पता नहीं है कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में ऐसे प्रोफेसर भी हैं जो अपनी पुस्तक लिख कर माओत्से तुंग को भेंट करते हैं ।

क्या वे लोग यह नहीं जानते कि अलीगढ़ यूनिवर्सिटी में ऐसे तत्व भी थे जो भारत का लाखों रुपया ले कर पाकिस्तान चले गए और भारत सरकार को वह रकम बट्टे खाते डालनी पड़ी ।

क्या इस के बाद भी हमारे दोस्त यह कह सकते हैं कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में प्रतिक्रियावादी तत्व नहीं हैं ? मैं नहीं समझता कि ठाकुर यशपाल सिंह जैसे जिम्मेवार आदमी ने कैसे अपने भाषण में कहा कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में पाकिस्तानी मनोवृत्ति के लोग नहीं हैं। ठाकुर यशपाल सिंह ने अपने भाषण में यह दावा किया कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय ने हिन्दुस्तान को डा० सैयद महमूद जैसा राष्ट्रवादी दिया। डा० सैयद महमूद को जो पिछले कुछ सालों की गतिविधियां हैं, मैं उन में नहीं जाना चाहता। अगर होम मिनिस्ट्री के पास मुस्लिम कनवेंशन की रिपोर्ट हो तो उस को पढ़ कर देख लें ? मैं तो एक ही चीज अपनी बातों के सम्बन्ध में कहना चाहता हूं। शिक्षा मंत्री श्री चागला इस बात का उत्तर दें कि क्या उन को डा० सैयद महमूद ने अलीगढ़ विश्वविद्यालय के सम्बन्ध में जो आर्डिनेंस निकाला गया उस के सम्बन्ध में कोई पत्र लिखा था कि यह जो आर्डिनेंस जारी किया जा रहा है, इस का पाकिस्तान पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ेगा। मुझे पता नहीं कि श्री चागला ने इस पत्र का क्या उत्तर दिया। पर मैं जानना चाहता हूं शिक्षा मंत्री से कि क्या डा० सैयद महमूद अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय को हिन्दुस्तान में पाकिस्तान का भाग बना कर रखना चाहते हैं शायद इसी लिए वह कहते हैं कि इस आर्डिनेंस की पाकिस्तान पर क्या प्रतिक्रिया होगी। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय पाकिस्तान के लिये बना है या हिन्दुस्तान के लिए बना ? और इतना होने पर भी ठाकुर यशपाल सिंह डा० सयद महमूद पर गर्व करते हैं और कहते हैं कि डा० सैयद महमूद जैसा राष्ट्रवादी व्यक्ति अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय ने पैदा किया है। मैं डा० सैयद महमूद की अन्य हरकतों में इस समय नहीं जाना चाहता।

लेकिन मैं आप से एक बात और कहना चाहता हूं। अभी आल इंडिया मुस्लिम विश्वविद्यालय के नाम से लखनऊ में इस आर्डिनेंस को ले कर एक कनवेंशन हुआ, जिस की अध्यक्षता डा० सैयद महमूद ने की और उन्होंने वहां पर जो जहर उगला उसे मैं आप के सामने रख सकता हूं लेकिन मेरे पास समय नहीं है।

लेकिन मुझे इस से भी अधिक दुःख की एक बात प्रधान मंत्री जी से विशेष रूप से कहनी है। मेरी प्रार्थना है कि श्री सत्य नारायण सिंह जी दो मिनट के लिए अपनी बात बन्द कर दें जिस से मैं प्रधान मंत्री जी से अपनी बात कह सकूं। मैं ने सुना है जो प्रधान मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि शिक्षा मंत्री श्री चागला अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के अध्यादेश को लेकर जिस बहादुरी के साथ पिछले दो महीने से सारे विरोध का मुकाबला कर रहे हैं, उस के लिए वह हम सब के बधाई के पात्र हैं। लेकिन मैं प्रधान मंत्री जी की आंखें खोलने के लिये उन से पूछना चाहता हूं कि क्या श्री चागला जो अकेले अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के मामले में लड़ रहे हैं, उन के मंत्रिमंडल के दो सदस्य ऐसे हैं जो श्री चागला के खिलाफ किए गए इस अभियान में, जो उन को बदनाम करने के लिए हो रहा है, अन्य लोगों का साथ दे रहे हैं ? मैं इस को और भी खुले रूप से कहना चाहता हूं क्योंकि मेरे पास इस के कुछ प्रमाण भी हैं, मैं सप्रमाण इस चीज को कह रहा हूं, और मैं चाहूंगा कि इस बात पर ध्यान दिया जाए मेरा इशारा श्री हुमायूं कबिर और जनरल श्री शाहनवाज खां की ओर है। यह जो जमीयत उल उलेमाए हिन्द, जिसने सब से बड़ा केम्पेन अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के इस आर्डिनेन्स को ले कर चला रखा है...

श्री रामेश्वर व्यास (उज्जैन) : मेरा पाइंट आफ आर्डर है।

अध्यक्ष महोदय : क्या है आप का प्वाइंट आफ आर्डर ?

श्री रघुनाथ व्यास : मेरा प्वाइंट आफ आर्डर यह है कि अगर किसी को मिनिस्टर के खिलाफ एलीगेशन करने हों तो उस को उस का इंटीमेशन देना चाहिए। यह रूल्स में दिया हुआ है। माननीय सदस्य ने इस के बारे में कोई इंटीमेशन नहीं दिया है।

अध्यक्ष महोदय : उन की यह बात ठीक है। अगर किसी व्यक्ति का नाम लेना हो या उस की नुक्ता चीनी करनी हो तो उस का प्रीवियस इंटीमेशन देना जरूरी है। पर अगर वह किसी के स्टेटमेंट को रेफर कर रहे हैं तो मैं उस को नहीं रोक सकता।

श्री प्रकाशवीर शास्त्री : मैं बड़ी स्पष्ट भाषा में यह कहना चाहता हूं कि जमायते उल उलेमाय हिन्द, जिस ने श्री चागला के खिलाफ यह अभियान जारी किया हुआ है, उन की जो गवर्निंग बाडी है उस में केन्द्रीय मंत्री मंडल के दो सदस्यों को नामिनेट किया गया है। मैं जानना चाहता हूं कि इस मामले में सारे मंत्रिमंडल की साझी जिम्मेदारी है। या अकेले श्री चागला की जिम्मेदारी है ? अगर सब की साझी जिम्मेदारी है तो उन्हें उस अभियान का विरोध करना चाहिए था जो जमैयत द्वारा श्री चागला के खिलाफ चलाया जा रहा है।

इसी सम्बन्ध में दूसरी बात मैं यह पूछना चाहता हूं जो चार संस्थाएं अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के आर्डिनेंस को ले कर भारत सरकार और श्री चागला को बदनाम कर रही हैं। क्या मंत्रिमंडल के उन सदस्यों की यह जिम्मेवारी नहीं थी कि इस के विरोध में बोलते और अपनी राय जाहिर करते। और अगर वह अपनी राय भी न जाहिर करते तो जमैयत उल उलेमाय हिन्द की गवर्निंग बाडी से तो त्यागपत्र दे सकते थे यह कह कर कि इस प्रकार के संगठन में वे नहीं रहना चाहते जो सरकार के और मंत्रिमंडल के एक सदस्य के विरुद्ध इस प्रकार का अभियान चला रही है। मैं किसी व्यक्ति की व्यक्तिगत चर्चा में नहीं जाना चाहता और मैं नहीं कहना चाहता कि केन्द्रीय मंत्रिमंडल में एक इस प्रकार का सदस्य है कि उस का समीप का रिश्तेदार पाकिस्तान में डाइरेक्टर जनरल आफ इन्फार्मेशन के पद पर काम कर रहा है।

मैं प्रधान मंत्री और गृह मंत्री से यह पूछना चाहता हूं कि क्या उन को मुसलमानों की एक संस्था यूनाइटेड मुस्लिम फ्रंट के लीडर श्री असरारुलहक द्वारा, जो पहले मध्य प्रदेश की विधान सभा के एम०एल०ए० थे, कोई ज्ञापन भेजा गया है जिस में स्पष्ट तरीके से कहा गया है कि श्री चागला के खिलाफ जो कैम्पेन जारी है उस में वक्फ बोर्ड का पैसा खर्च किया जा रहा है ? क्या उन को इस प्रकार का ज्ञापन मिला है ? और अगर आप को वह ज्ञापन मिला है तो उस में यह भी कहा गया है कि वक्फ बोर्ड के जो अध्यक्ष हैं वह इस प्रकार की बातों में रुचि लेते हैं, लिहाजा वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष पद से श्री हुमायूं कबिर को हटा दिया जाए ? क्या यह बात सही है ....

अध्यक्ष महोदय : क्या आप को उस की कापी भेजी गई है। आप बहुत सी बातें कैबिनेट के मैम्बरों के बाबत कह गए। मैं कहूंगा कि हर मैम्बर को पूरी जिम्मेदारी से बोलना चाहिए। जिस वाकये का वह जिक्र करते हैं उस के बारे में पूरी जिम्मेदारी उन को लेनी चाहिए।

श्री प्रकाशवीर शास्त्री : मैं इस की पूरी जिम्मेदारी लेता हूं। और अगर मेरी बात गलत हो तो प्रधान मंत्री और गृह मंत्री जो यहां बैठे हैं उस का खंडन कर सकते हैं।

Shrimati Renu Chakravartty (Barrackpore): Last time, Mr. Prakash Vir Shastri made many allegations on the floor of the House.

But when the Chatterjee Committee Report came, many of his charges were not substantiated.

अध्यक्ष महोदय : यह बात मेम्बर के लिए कहना काफी नहीं है । जो वह कहते हैं उस की जिम्मेदारी उन को लेनी चाहिए । अगर कोई किसी के खिलाफ एलीगेशन लगा दे और फिर वह कहे कि अगर यह गलत है तो इस की तरदीद कर दी जाय, तो यह ठीक नहीं होगा, क्योंकि जो उस एलीगेशन से किसी का नुकसान हो सकता था वह तो हो गया, एक आदमी बदनाम हो गया । उस के खिलाफ एक आवाज पैदा हो जाती है । बाद को अगर वह गलत भी साबित हो जाए तो भी जितना नुकसान होना था वह हो चुकता है । तो यह कहना काफी नहीं है कि अगर यह बात गलत है तो इस की तरदीद कर दी जाए । मेम्बर को जो वह कहें उसके बारे में अपनी पूरी तसल्ली कर लेनी चाहिए कि वह बात सही है, और उस पर यकीन करने के लिये उन के पास काफी वजूहात है । जब तक ऐसा न हो तब तक उन को स्टेटमेंट नहीं करना चाहिए ।

प्रधान मंत्री तथा अणु शक्ति मंत्री (श्री लाल बहादुर शास्त्री) : अध्यक्ष महोदय, मुझे अफसोस है कि श्री प्रकाशवीर शास्त्री ने इस तरह का नाम ले कर हमला किया है ।

श्री जगदेव सिंह सिद्धांती : यह हमला नहीं है । इस में बहुत सावधानी बरतने की जरूरत है । मेरा श्री हुमायूं कबिर से बात हुई थी, वह जमैयत उल उलेमाए हिन्द के सदस्य नहीं हैं । तो एक बात तो यही गलत निकलती है ।

दूसरी बात उन्हों ने यह कही कि उन्हों ने इस का विरोध नहीं किया, इस की मुखालिफत नहीं की, कहीं कोई स्पीच नहीं की, किसी ग्रुप में डिस्कशन नहीं किया पब्लिक में किसी शक्ल में इस का विरोध नहीं किया । यों तो किसी भी कैबिनेट में कुछ मिनिस्टर्स की एक राय हो सकती है, या दूसरी हो सकती है । लेकिन जो फैसला होता है कैबिनेट का वह आखिरी होता है और वह सब के लिए मान्य है । तो मैं यह समझता हूं कि जिस तरह का आक्षेप या हमला उन्हों ने किया है, यह न करना चाहिए था । मुनासिब तो यह होता कि वह ये चीजें लिख कर हम को भेज देते और हम उस का जवाब उन को देते । तब भी अगर वह यह समझते कि नहीं उन के पास कोई सबूत है और बातें हैं, तो उन को वे बातें यहां कहने का हक था । लेकिन मैं समझता हूं कि जिस तरह का उन्हों ने आक्षेप किया है यह ठीक नहीं था और न उस में सचाई है उस तरह की जो उन्हों ने कहीं ।

श्री प्रकाशवीर शास्त्री : अध्यक्ष महोदय, मैं जो बात आप से कह रहा हूं मैं बिना किसी प्रमाण के कहने के लिए तैयार नहीं था । मैं ने तो पहले मंत्रिमंडल के केवल दो सदस्य कहे लेकिन जब उधर से आवाज आई कि उन के नाम बता है तो मुझे विवश हो कर उन दोनों के नाम भी लेने पड़े । वैसे मैं उन के नाम यहां पर लेने को तैयार नहीं था । प्रधान मंत्री जी ने जो अभी यह बात कही कि वह गवर्निंग बाडी के मैम्बर नहीं हैं तो मैं नहीं कह सकता कि प्रधान मंत्री की जानकारी किस आधार पर है लेकिन जहां तक मेरा सम्बन्ध है अलजमीयत जो कि उन का प्रमुख अखबार है उस के 21 जुलाई के अंक में यह समाचार छपा है कि जमीयत के जो प्रेसीडेंट हैं मौलाना फखरुद्दीन उन्हों ने गवर्निंग बाडी में जिन लोगों को नामिनेट किया है उस में इन दोनों व्यक्तियों के नाम हैं । क्या प्रधान मंत्री जी यह कह सकेंगे कि इस समाचार की जानकारी लेने के बाद उन्हों ने कोई त्यागपत्र दे दिया है या नामिनेट होने के बाद उस से अपनी असहमति प्रकट की है ?

दूसरी सब से बड़ी बात जो आप ने मुझ से पूछी है वह यह है कि यह जो रिप्रेजेंटेशन

[श्री प्रकाशवीर शास्त्री]

प्रधान मंत्री को दिया गया है, मैं शायद इस बात को अधिकारपूर्वक नहीं कहता । यदि मेरे पास उस की प्रतिलिपि न होती और उस में यह बातें न होती लेकिन अगर आप चाहेंगे तो मैं इस बात के लिए तत्पर हूं कि उन को हाउस की टेबुल पर भी रख दिया जाय जो कि इन लोगों की ओर से यह रिप्रेजेंटेशन प्रधान मंत्री जी और दूसरों के नाम आया है ताकि उस की जानकारी केवल गृह मंत्री और प्रधान मंत्री को ही न हो बल्कि संसद के सारे सदस्यों को भी हो जाए । इतने पर भी मैं कहता हूं कि मैं उस में खुश हूंगा अगर मेरी इस सम्बन्ध की जो जानकारी है वह गलत निकले और उस के अन्दर कोई उच्चाई न हो । राष्ट्र का भला भी इसी में है । लेकिन अगर उस में कुछ भी सच्चाई है तो मैं प्रधान मंत्री जी से कहूंगा कि अकेले श्री चागला को ही बलि का बकरा न बनाया जाय । प्रधान मंत्री के ऊपर भी तो इस का लाछन आता है क्योंकि इसी मंत्रिमंडल में वे लोग बैठते हैं । एक ओर श्री चागला इस प्रकार की आज्ञा जारी करते हैं तो दूसरी ओर उन के सहयोगी एक बिल्कुल दूसरे प्रकार की चीज करते हैं ।

मैं अपने भाषण को समाप्ति की ओर ले जाते हुए दो, तीन बातें और कहना चाहता हूं

श्री लाल बहादुर शास्त्री: अब यह कहना कि अखबार की यह बात है तो अखबार में बहुत सी बातें निकलती हैं और वे सब कोई सोलहों आने सही नहीं हुआ करतीं । जहां तक श्री हुमायूं कबिर की गवर्निंग बाडी में होने की बात है अब चूंकि उन्हों ने फिर दुहराया है तो मैं उन को बतला देना चाहता हूं कि मैं ने उन से खुद बातचीत की, वह कभी उस के मेम्बर नहीं रहे तब यह इस्तीफे का सवाल ही क्यों पैदा होता है ?

श्री प्रकाशवीर शास्त्री : प्रधान मंत्री शास्त्रीजी से मैं यह कहना चाहूंगा कि यह चीज अखबार में प्रकाशित हो जाती और श्री हुमायूं कबिर अपना अब तक एक वक्तव्य दे सकते थे कि मैं उस में नहीं हूं मैं गवर्निंग बाडी का मेम्बर नहीं हूं ।

Shri H. C. Mathur (Jalore): Mr. Speaker, Sir, I submit for the information of the hon. Member that Mr. Chagla does not stand alone in this matter. We had an Executive Committee meeting and in that meeting Mr. Chagla was told that each and every member of the Congress Party was behind him and was with him. Therefore, it is with the entire support of the Congress that Mr. Chagla is going ahead. The Executive Committee, in its meeting, gave Mr. Chagla a clear understanding that they all were behind him.

श्री प्रकाशवीर शास्त्री : मुझे बड़ी प्रसन्नता है कि श्री हरिश्चन्द्र माथुर जो कि कांग्रेस के एक वरिष्ठ सदस्य हैं उन्हों ने श्री चागला के इस पग के लिए माननीय सदस्यों की ओर से उन्हें समर्थन दिया । अगर मैं सब सदस्यों की चर्चा करता तो श्री माथुर का वक्तव्य उचित होता लेकिन मैं तो चर्चा कर रहा था कैबिनेट के सदस्यों की जिन की ओर से इस प्रकार की चीजें चली हैं ।

मैं एक, दो बातें और निवेदन करना चाहूंगा । एक तो यह कि जो लोग कहते हैं कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के सम्बन्ध में इस पार्लियामेंट में कोई चर्चा नहीं हो सकती तो उन की जानकारी के लिये मैं कहना चाहता हूं कि 1920 का ऐक्ट इसी हाउस ने पास किया था । इसलिये 1951 में इस हाउस को अधिकार हुआ कि उस में परिवर्तन करे और जब उस समय उस को अधिकार था तो आज भी अपने उस ऐक्ट में उसे परिवर्तन करने का अधिकार प्राप्त है । जो लोग यह कहते हैं कि उस में अंगुली नहीं लगा सकते वे शायद संविधान की इन व्यवस्थाओं से ही अपरिचित हैं ।

दूसरी चीज यह कि जब यह विश्वविद्यालय मुस्लिम कालिज था उस वक्त भी इस विश्वविद्यालय को गवर्नमेंट की ग्रान्ट्स मिलती थीं इसलिए इस विश्वविद्यालय के सम्बन्ध में यह कहना कि केवल यह मुसलमानों की ही प्रोपरटी है सारे राष्ट्र का उस में कुछ भाग नहीं है वह उस समय के इतिहास से अपरिचित होना है ।

अन्त में मैं यह कहता हूं कि श्री चागला ने इस विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय स्वरूप को कायम रखने के लिए जो यह विधेयक उपस्थित किया है मैं उस का समर्थन करता हूं और ठाकुर यशपाल सिंह के प्रस्ताव का घोर विरोध करता हूं ।

Mr. Speaker: Now, Shri Mohsin. The hon. Member is not here. Shri Swell.

Shri Swell (Assam—Autonomous Districts): I wish that a discussion on the affairs of a high seat of learning such as a university, and in this case, the Aligarh Muslim University, should have started on a higher, a more objective and a more intellectual note. I wish that my hon. friends in this House who participated in this debate had brought their reason more than their emotions to bear on the subject so that we could have judged the merits and demerits of this Bill in a better way.

My hon. friend Shri Yashpal Singh when he initiated this discussion the other day started on a very high-strung and a very emotional note, and I got the impression that he was trying to outdo even such communal members, if there be any, among the Muslim minority community, in his denunciation of the Hindus. It was altogether irrelevant to the subject under discussion before us.

The ball which Shri Yashpal Singh threw at the court of the ruling party, namely the Congress Party, was firmly grasped by my hon. friend Shri Raghunath Singh. I was surprised to hear from him, a senior Member of the Congress Party, a very strange and an elaborate attempt to put a wrong interpretation on article 28 of the Constitution in order to do away with certain safeguards and certain fundamental rights given to the minorities, which the Constitution had so plainly conferred on them. And just now, we have had the good fortune or the misfortune of hearing a very indignant speech from my hon. friend, Shri Prakash Vir Shastri, in which very serious and sweeping charges have been made not only against certain members of the Muslim community but even against certain prominent Members of the Cabinet. May I submit to you and through you to this House that it is these kinds of speeches from the Members of the majority community that go to lend an air of legitimacy to the fears of the Muslim minority community with regard to the effects of this Bill?

I do not also agree with much of what my hon. friend Shri Badrudduja said yesterday. I understand and appreciate his passionate plea for the cause of the minorities, particularly the Muslim minority. But when he went to the extent of making a sweeping charge against the Minister of Education, Shri M. C. Chagla, that Shri M. C. Chagla wanted to throttle Muslim culture, I think he was less than fair to the Education Minister. I also do not agree with the approach of another Member of the Congress Party yesterday who vomitted the tea and the sweet that was served to him by the late Shri Rafi Ahmed Kidwai, that there is only one culture in India and that is the Indian culture. This is a vague and dangerous talk. It is the kind of talk that is not intended to clear the atmosphere; it is the kind of talk that will go to reinforce the fears of the minority communities that the majority community wants to overshadow the culture of the minorities with its own culture or impose its culture on that of the minorities. Ours is a variegated nation. We talk of unity in diversity. Whether we like it or not, history tells us that this is a country

[Shri Swell]

inhabited by people belonging to different cultures, to different faiths, to different traditions and to different racial stocks.

It is true that there can be such a thing as an Indian national culture, an Indian personality, but that culture can only be an amalgam of the different cultures we have in this country, and if that culture is to be a culture of a high order that would merit the respect of the world, it must come out of the growth and careful and loving nurture of the different stands of culture we have in this country.

In spite of what my hon. friend, Shri Mathur, has said that the party has decided to give Shri Chagla unqualified support to this Bill, I am afraid that he has been badly let down or badly supported by the spokesmen of his party. I feel that it was Shri Chagla himself who could have put his case more effectively. There cannot be a second opinion to what Shri Chagla holds that what happened in the campus of Aligarh Muslim University on 25th April last was heinous in the extreme, that it demanded immediate drastic action. I think on that score, he has received the entire support of every section of this House.

An hon. Member: Not every.

Shri Swell: But the question remains—and it has not been satisfactorily answered by the Education Minister—whether the law of the land in its ordinary course could not have been employed, whether the law of the land could not have met the situation, whether it could not have stamped out the evil, whether it was necessary at all to resort to the ordinance, and now to this Bill, in order to effect certain administrative changes in the structure of the University.

May I submit that this country of late has been subjected periodically to outbreaks of student indiscipline? May I quote a few instances for your information? In the month of June this year, the students of the Gauhati University in Assam surrounded the office of the Vice-Chancellor, imprisoned him there for hours together, damaged his office and threatened to do away with him physically, because they wanted changes in the dates of the M.A. final examination; and the Vice-Chancellor could save himself from possible death only by fleeing the town of Gauhati.

Prior to this, as you know, the students of Orissa invaded the precincts of the Orissa Legislative Assembly and demanded the resignation of the Chief Minister of that State. Here in the case of Aligarh University, we have been told that the students were worked up because of the raising in the percentage of students from outside to be admitted to the University, we would like to be satisfied how this is a pre-planned, pre-conserted, attempt to murder the Vice-Chancellor, as the Education Minister has said, because the Vice-Chancellor has liberal and nationalist views. We would like to be satisfied how this is the work of reactionary and obscurantist elements in the university, and that this is not only one of those violent and extreme outbreaks of student indiscipline. I think the Minister of Education should have taken us more into his confidence. He should have explained that point clearly to us, leaving no amount of doubt, that this is really a case of a pre-planned attack by certain reactionary and obscurantist elements, as he puts it. The doubt lingers whether the Ministry of Education has correctly diagnosed the cause of the disease, whether the Bill which he now brings before the House will really be a cure for the malady that has afflicted that university, whether this remedy may not prove worse than the disease.

I for one am prepared to take the Minister of Education at his word. I

am not prepared to discount everything that he has said. His background, his standing, his standing in society, his long record of public service, his high position in the Cabinet and his general disposition would persuade me to believe in what he says, but still I feel that it is his duty to convince me. We are not here a gullible lot; if we were a gullible lot, we have no right to be Members of this responsible House. We would like to be convinced by reason and not just by a statement by the Minister, however highly placed he may be.

The Minister, in making out his case, has based it on two pillars. One is that this Bill is a temporary emergency measure, that it will not remain on the statute-book, that as soon as may be, perhaps in the next session of Parliament, he will bring a substantive Bill to amend the original Act of this university. The second is that the Bill is not going to affect the character of the university, its courses of study, that the Academic Council will remain in tact, that the culture, the traditions and the philosophy of Islam would remain intact. I wish the Minister, in seeking a fulfilment of these objectives, had put more thought in the drafting of the Bill. As it is, I do not agree that this Bill will remove the fears and the doubts, the genuine doubts and fears, of the minority Community. May I draw your attention to the provisions in the original Act in which the provision is made for representation of certain important sections in the court of the University: donors of the university, the All India Muslim Educational Conference and persons representing Muslim culture and learning. The Minister has said that the Court will be a nominated court. What prevents him from making this addition in the relevant provision of his Bill to ensure that in making these nominations, the nominations will be made from these three groups of people, the donors to the university, the All India Muslim Educational Conference and persons representing Muslim culture and learning. Let us not forget the fact that the Aligarh Muslim University was built up by the sacrifices, endeavours, earnings, hopes and fears of generations of Muslims from 1867 to 1920. They did this because they wanted that the Muslim culture, Muslim philosophy and Muslim religion should have a chance of developing alongside with the development of modern arts and sciences. What the Government of India did in 1920 and in 1951 was only to give legal sanction to what the Muslim genius and Muslim endeavours had built up in the past. It is for these reasons that some of us felt that the matter be best referred to a Select Committee in which we would have a free, personal and closer exchange of views with the Minister and we can have the benefit of his reaction. Sir, I understand the difficulty of the Minister of Education. He has a time limit of six weeks. But may I submit to him that well before that time limit is over, the Select Committee would be able to send its report. But if he still thinks that the Select Committee is not necessary, to remove the genuine doubts and fears, I earnestly suggest to him that he may consider even now the incorporation of at least this part in the Bill which he has placed before the House.

Shri Muthiah (Tirunelveli): Mr. Speaker, it is unfortunate that the Aligarh Muslim University Ordinance raised certain apprehensions in the minds of Muslims of the country. I submit that these are not justified. The ordinance of 20th May was resorted to, because Parliament was not sitting and immediate measures were necessary to bring about normalcy in the University. The atmosphere there was vitiated by fanaticism and obscurantism both among the students and the teachers of the University and certain unhealthy elements were attempting to get the upper hand in the University and so the Ordinance was promulgated on 20th May, 1965. Eminent Indian Muslims including the

[Shri Muthiah]

Members of Parliament and educationists deplored the Aligarh incidents, and prominent papers of the country have condemned the reactionary elements in the University. Official sources believe that the disturbances have their roots in the constitution of the University which tended to encourage a vicious atmosphere, not conducive to the healthy functioning of the university.

This Ordinance has a precedent in the Banaras Hindu University Ordinance of 1958. In 1958 disturbances broke out in Banaras. Whereas in Banaras, the Vice-Chancellor was locked up in a room, in Aligarh, in April, 1965 the students mounted a murderous attack on the Vice-Chancellor, Nawab Ali Yawar Jang who received serious injuries and only providentially escaped from fatal consequences. Following the example of the Banaras Hindu University Ordinance, the Aligarh Muslim University Ordinance sought to suspend the constitution of the Aligarh University Act for the time being and to reconstitute the Court and the executive council on the basis of nomination for a temporary period. In the 1920s, sometime after the Aligarh University was established, a similar situation arose and a similar measure was taken. A knowledge of the history of the Aligarh University would be useful to understand the implications of the Ordinance and the Bill. The idea of establishing a Muslim University at Aligarh was first conceived by that great son of India, Sir Syed Ahmed Khan in 1867. He wanted to rehabilitate the Indian Muslims frustrated by the failure of the 1857 freedom movement by providing for them modern and scientific education in an atmosphere of Islamic culture and traditions. Thanks to his efforts, the Aligarh University came into being in 1920 with the passing of the Act in 1920. The amending Act of 1951 made some changes in the constitution of the university court and in respect of learning of Muslim theology by students. In 1959, at the instance of the Central Government, an enquiry committee under the chairmanship of Prof. Chatterjee was set up by the Aligarh University and this committee submitted its report in 1961. The report made it clear that the aim of the university was to preserve the best thought and culture of the Muslims while providing higher education to its students. The report further said that the amending Act of 1951 did not alter its fundamental character as a Muslim University intended for the educational advancement of the Muslim youth.

I come to the admission policy of the University. From the very beginning, the university has followed a policy of throwing its doors open to non-Muslims. While giving preference to the Muslims, the University has always admitted non-Muslim students. The non-Muslim students of the Aligarh University today are 35 per cent. So it is not a question of Muslim students versus Hindu students, but it is a question of the local students of Aligarh who wish to preserve their vested interests versus the students of the rest of India.

I will now refer to the admission rules of the University. The immediate cause of the riots was, ostensibly, the decision of the admission committee of the University to revise the ratio of internal students to external students as 50:50 instead of 75:25. For a long time the ratio was 50:50. Only recently, the previous Vice-Chancellor Mr. Tyabji raised the ratio of internal students to external students to 75:25. The enquiry committee set up by the University in 1959 recommended the ratio of 50:50 for internal and external students for admission to the college of Engineering. The purpose of the new measure, i.e., the revision of the

ratio of admission according to the present Vice-Chancellor's explanation was to give opportunities to far better qualified Muslim students from outside Aligarh and thereby ensure higher standards. This would help in main aining the All India character of the University. He reiterated this view in his speech at Aligarh on 29th August, 1965. This change in the admission rules was exploited by certain undesirable elements among the students and teachers to instigate a revolt and violence in the campus. They gave it a communal twist and used it against the Vice-Chancellor, well-known for his national and secular outlook.

The Ordinance and the Bill provide for certain organisational and structural changes in the constitution of the University. The basic character or the original purpose of the university is not affected or altered.

The University was first started (1) to promote the education of the Muslim youth, (2) to promote the study of Islamic history and culture and Islam's contribution to the composite culture of India and to the world's culture, (3) to teach Islamic philosophy and theology to Muslim students, and (4) to teach Arabic, Persian and Urdu literatures. These aims and objects are not interfered with by the Ordinance or the Bill. Research on Islamic history and culture is still carried on by the University. Thus everything is being done to foster the best in Muslim thought and culture, but Muslim fanaticism or exclusiveness is not encouraged in the campus and can never be encouraged. The Government of India stands for secularism, communal harmony and national unity and integration. India is a land of different castes and creeds, communities and cultures. As such, national unity is its paramount need. The Government cannot afford to allow the Aligarh Muslim University or any other university to function in a narrow and commnal way. The Aligarh students should be infused with a truly national spirit.

The Aligarh Muslim University is a unitary and residential university and it is in such universities that students of all creeds, the Muslims, the Hindus and the Sikhs, should learn to live together and imbibe that tolerance, so essential for India's peace and progress.

A university is a temple of learning and its precincts therefore are sacred. In such a place, there should be no room for hatred or illwill against anybody, and creed, any culture or any community. The Muslims and the Hindus should live together as brothers and as sons of the same soil.

Sir, I now come to the Bill. The present Bill is a temporary measure. The hon. Minister of Education has assured us that he is going to introduce a comprehensive Bill for the Aligarh Muslim University on the model of the Banaras Hindu University Bill which has already been introduced in Parliament. This Bill introduces a few structural changes. The membership of the court is to be reduced. The members, other than *ex-officio* members, will be nominated by the Visitor. Previously they were elected. But this nomination is a temporary measure necessitated by the recent, turbulent conditions in the Aligarh Muslim University. The court is to function as a purely advisory body for the Visitor. The membership of the executive council also is to be reduced. New statutes and ordinances pertaining to the administration of the university have to get the previous approval of the Visitor. Certain special powers are vested in the Vice-Chancellor and the Registrar in the matter of discipline. These steps are taken to tide over the present difficulties.

The Aligarh Muslim University, like any other university, should stand for national unity. It should not violate the fundamental principles of a secular State. Secularism is a precious heritage that we have inherited. Our constitution has declared India

[Shri Muthal]

as a secular State. Secularism, according to our Constitution, means equal regard for all religions and not disregard of religion or religious values. India lives if secularism lives: India falls if secularism falls.

I plead in the best interests of my country that the staff and students of the Aligarh Muslim University should live as true Indians, while revering their religion and culture, and pray that the university should produce eminent patriots in the future, as it produced in the past such great patriots as Khan Abdul Ghaffar Khan, Dr. Ansari, Dr. Zakir Hussain and Mr. Kidwai.

श्री मुजफ्फर हुसैन (मुरादाबाद) : जनाब स्पीकर साहब, मुझे आज इन्तहाई अफसोस के साथ अलीगढ़ मुस्लिम यूनीवरसिटी पर गलत नाफिज होने वाले आर्डिनेन्स के मुताल्लिक कुछ अर्ज करना है।

मुस्लिम अलीगढ़ यूनीवरसिटी में 25 अप्रैल का एक मामूली सा वाकया और उस पर हुकूमत का गैर मामूली रद्दे अमल और जारहाना इकदाम और मिस्टर चागला की जिद व जवां दराजी ने एक ऐसा फितना खड़ा कर दिया कि अगर उस को तदबीर और दूरन्देशी के साथ हल न किया गया तो हमारी मुश्तरका कौमियत और सिक्यूलरिज्म की बुनियादें तबाह हो जाएंगी, और हुकूमत जो मुल्क के आईन की मुहाफिज और उसके मकासिद की तकमील व तामील की जिम्मेदार है, उस पर आईन के मंशा से इनहराफ का इल्जाम हमेशा के लिए बाकी रहेगा।

नवाब अली यावर जंग की शान में गुस्ताखी के वाकया को हजारहा हाशिया आराइयों के साथ उछाला जा रहा है, वह काबिले अफसोस है, इसलिए कि मजलिसे कानून साज के बयान के मुताबिक कुल मजमा 600 तुलवा पर मुश्तमिल था, और यूनियन हाल पर धावा बोलने वालों की तादाद का अन्दाजा इससे कीजिए कि हाल और उस के बरामदों में पचास साठ तुलवा की गुंजाइश है। उनमें वह भी थे जो बचाने वाले थे। गोया इस तजजिया की रोशनी में यूनीवरसिटी के साढ़े पांच हजार तुलवा में उन शरारत पसन्दों का तनासुब जिनके खिलाफ यह कारंवाई हो रही है, दाल में नमक के बराबर भी नहीं पहुंचता। उनको आप चागला साहब की जबान में रजअत पसन्द कह लें या फिरका परस्त कह लें। इन उंगलियों पर गिने जाने वाले तुलबा की सजा साढ़े पांच हजार तुलबा और 6 करोड़ मुसलमानों को दी जा रही है, जिन का मुस्लिम यूनीवरसिटी वाहिद तालीमी व सकाफी मरकज है। एक चूहे को मारने के लिए मिस्टर चागला ने जो तोप दागी है, उन्हें यह तोप दागते वक्त देखना चाहिए था कि इसका गोला मुस्लिम यूनीवरसिटी के सीने पर पड़ रहा है या सिक्यूलर स्टेट की पेशानी पर पड़ रहा है।

यह इसलिए कह रहा हूं कि मुस्लिम यूनीवरसिटी के मामूली से वाकये पर जो कुछ किया या करना चाहते हैं वह हर आम और खास और जिम्मेदाराने हुकूमत को मालूम है। बल्कि अगर मैं यह कहूं तो कोई गलत बात न होगी कि जो कुछ आप कर रहे हैं वह 5 मई सन् 1965 के राज्य सभा के बयान के मुताबिक मरकजी हुकूमत के ईमा पर ले कर रहे हैं। लेकिन मुझे कहने दीजिए कि मिस्टर चागला को मुस्लिम यूनीवरसिटी की आंख का तिनका तो नजर आ गया लेकिन उन्हें दूसरी यूनीवरसिटियों की आंख का लट्ठा नजर नहीं आया। इससे मेरी मुराद यह है कि अलीगढ़ के मामूली से हादसे को इतना उछाला गया कि अन्दरून मुल्क से लेकर बेरून मुमालिक तक एक शोर मच गया और मालूम हुआ कि तुलबाए अलीगढ़ ने कितना बड़ा जुल्म ढा दिया। लेकिन पटना यूनीवरसिटी, गोहाटी यूनीवरसिटी लखनऊ यूनीवरसिटी, गोरखपुर यूनीवरसिटी, बनारस यूनीवरसिटी, उस्मानिया यूनीवरसिटी, उड़ीसा यूनीवरसिटी,

हर जगह ऐसे और इससे बदतर वाकयात हो चुके हैं जिन में अफसरान के साथ नाजेबा सुलूक किया गया, जूते फेंक कर मारे गए, कमरे में बन्द रखा गया, मोटरों में आग लगा दी गयी, खुद लखनऊ यूनीवरसिटी के तुलबा की तहरीक में वाइस चांसलर और गवरनर दोनों के साथ क्या कुछ नहीं किया गया, लेकिन कभी ऐसे और इतने संगीन इल्जामात न आयद किए गए, न वहां के इन्तिजामी अमूर में कोई दखल दिया गया ।

जुनूबी हिन्द के तुलवा के हंगामे, हिन्दी दुश्मन तहरीक से तमाम तहरीकें तशद्दुद की इस मंजिल तक पहुंच गई जहां कि रियासती पुलिस हालात पर काबू पाने में नाकाम रही और मजबूरन फोर्स तलब करनी पड़ी ।

लेकिन इसके बावजूद वहां मुल्क की सालमियत और तालीमी अदारों के वकार को न कोई खतरा नजर आया और न वहां किसी आर्डिनेन्स की जरूरत महसूस हुई । न तालीमी अदारों के ऐडमिनिस्ट्रेशन में कोई तबदीली की गयी । न वहां कोई पाकिस्तानी एजेंट नजर आया, न वहां कोई रजअत पसन्द व फिरका परस्त दिखाई पड़ा और न वहां की जड़ें कहीं और दिखाई पड़ीं । लेकिन अलीगढ़ मुस्लिम यूनीवरसिटी के तुलबा का अपने हकूक के तहफ्फुज करने के लिए एक मामूली सा मुजाहिरा जिसे फिरकावारियत से कोई ताल्लुक न था और जिसे महज वाइस चांसलर की नाआकबत अन्देशी, पुलिस की तुलबी और तुलबा पर बिला जरूरत फायरिंग ने एक मुश्तैल हुजूम की सूरत दे दी । जिसके नतीजे में तुलबा ने बेकाबू हो कर वाइस चांसलर को मारा । यह फेल इतना खतरनाक तसव्वर कर लिया गया कि जिस पर काबू पाने के लिए हुकूमत को मुरव्वजा कानून के अम्बार और इन्तिजाम को बेबस पा कर एक गैर मामूली आरडिनेन्स से मुसल्लह होना पड़ा ।

मुझे इन्तहाई अफसोस से कहना पड़ता है कि . . .

एक माननीय सदस्य : अध्यक्ष महोदय, वह अपनी स्पीच को पढ़ रहे हैं ।

अध्यक्ष महोदय : आप अपनी स्पीच को पढ़ रहे हैं । मैं इस बार में आप से कहना चाहता था लेकिन नहीं कह पा रहा क्योंकि आप ने एक बार भी मेरी तरफ़ नहीं देखा । अगर आप एक बार भी मेरी तरफ देख लेते तो मैं कह सकता था कि आप नहीं पढ़ रहे हैं ।

श्री मुजफ्फर हुसैन मैंने इसलिए आपकी तरफ़ नहीं देखा कि आप आर्डर, आर्डर न कह दें ।

मुझे इन्तहाई अफसोस से कहना पड़ता है कि यह सब महज इसलिए हुआ कि एक अरसा से चागला साहब को मुस्लिम यूनीवरसिटी अलीगढ़ में फिरकापरस्ती का भूत नजर आ रहा था । उन्हें वहां के तुलबा की असरियत पाकिस्तानी एजेंट नजर आ रही थी । उनके तसव्वर की आंखों ने वहां के मैडीकल कालिज के निकले हुए तुलबा डाक्टरों को जिनके निकलने में अभी एक अरसा बाकी है ज्यादा तादाद में पाकिस्तान जाते हुए देख लिया । उन्हें अलीगढ़ में एक ऐसा कितनाही गिरोह नजर आया जिसकी जड़ें कहीं और हैं और मजबूरन मुल्क के तहफ्फुज व सालमियत के पेश नजर उन्हें आर्डिनेन्स के नफाज की सिफारिश करनी पड़ी । समझ में नहीं आता कि आजादी के बाद मौलाना अबुल कलाम आजाद, जनाब हुमायूं कबीर वगैरह जैसे साहिबुल नजर लोग बजोर तालीम रह चुके हैं । मगर उनकी आंखों ने कभी भी अलीगढ़ मुस्लिम यूनीवरसिटी में न इन बुराइयों को देखा और न उनकी वजारत को यूनीवरसिटी के इन्तिजामिया में इस किस्म की मदाखलत की जरूरत महसूस हुई, जब कि उनकी कौम परस्ती मशहूर है । जाहिर है कि यूनीवरसिटी में अगर कोई ऐसी खामी होती तो वह उसे हरगिज नजरअन्दाज न करते । लेकिन चागला साहब की तोजैदा कौम परस्ती ने वह सब कुछ देख लिया जिसकी

[श्री मुजफ्फर हुसैन]

न कोई असल है न कोई बुनियाद उनके दिल और दिमाग में अलीगढ़ यूनीवर्सिटी के बारे में एक स्कीम थी। जिस पर वह अमल करना चाहते थे। और इस अली यावर जंग के वाकए ने उनको इसका मौका अता फरमा दिया।

इस सिलसिले में मैं यह अर्ज करूंगा कि मिस्टर प्रकाशवीर शास्त्री ने ठाकुर यशपाल सिंह साहब के खिलाफ इस आर्डिनेन्स की मुखालिफत करने का इल्जाम लगाया है। मिस्टर यशपाल सिंह एक हिन्दू हैं और पक्के हिन्दू हैं, और इस हैसियत से उन्होंने इस आर्डिनेन्स की मुखालिफत की है। मैं प्रकाशवीर शास्त्री से कहना चाहता हूं कि जिस तरह वह मुसलमानों के खिलाफ मिस्टर चागला और अली यावर जंग को इस्तेमाल कर सकते हैं उसी तरह मैं भी मिस्टर यशपाल सिंह को बचाव में इस्तेमाल कर सकता हूं।

उपसभाध्यक्ष महोदय : क्या आप ने श्री यशपाल सिंह से पूछ लिया है कि वह इस्तेमाल हो रहे हैं ?

13 hrs.

श्री मुजफ्फर हुसैन : इस में पूछने की क्या बात है ? उन्होंने कोई गलत इल्जाम नहीं लगाया था। दरअसल बात यह है कि वह एक इंसाफ पसन्द हिन्दू हैं, जम्हूरियत में यकीन रखते हैं और वह इंसाफ की बात कहना व करना चाहते हैं। श्री प्रकाशवीर शास्त्री ने श्री यशपाल सिंह के ऊपर गलत इल्जाम लगाया है। ठाकुर साहब ने तो इंसाफ से काम लिया और इंसाफ के तकाजे के मुताबिक उन्होंने हमारी ताईद की है।

मि० चागला जो कुछ हमारे साथ कर रहे हैं वह गलत कर रहे हैं। अब यह कहना कि मि० अली यावर जंग के साथ जो कुछ हुआ अगर हम आर्डिनेन्स जारी न करते तो वाकयात उससे ज्यादा बदतर हो जाते, आग भड़क जाने की बात तबक्को थी और हालात उससे ज्यादा बदतर हो जाते, यह चीज सुन कर मुझे एक किस्सा याद आ रहा है कि उड़ीसा के जंगलात में एक जानवर होता है जो कि मच्छर से कुछ ज्यादा बड़ा होता है और जब रात को वह आराम करता है तो वह अपने पैरों को ऊपर उठा कर आराम करता है। इस के लिए जंगल के तमाम जानवरों ने एक जलसा किया और उसमें उस जानवर से यह पूछा कि भाई और हम सब जानवर तो अपने सारे पैर समेट कर बैठते हैं और रात को अपने-अपने आशियानों में आराम करते है लेकिन तुम रात को अपनी टांगों को उठा कर आराम करते हो तो ऐसा तुम क्यों करते हो ? इस पर उस जानवर ने जवाब दिया कि तुम सब लोग बेवकूफ हो। मैं अपनी टांगें इसलिए उठा कर सोता हूं कि ऐसा न हो कि रात को आसमान गिर पड़े और तुम सब लोग उसके नीचे दब कर मर जाओ इसलिए मैं अपनी टांगों को ऊपर उठाये रहता हूं। अब जरा गौर कीजिये कि नन्ही सी टांगों के ऊपर आसमान को रोकने का हौसला ? श्री चागला का यह आर्डिनेन्स भी उसी जानवर की टांगों ऊपर उठाये रखने की दलील की तरह से है। यह आर्डिनेन्स मुस्लिम यूनिवर्सिटी को तबाह करने का फैसला है। यहां मैं यह चीज साफ कर दूं कि मैं यह नहीं कहता कि उस में हिन्दू न पढ़ें सिक्ख व ईसाई न पढ़ें। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में हर एक को चाहे वह किसी जाति का हो पढ़ने का हक हासिल है। हर शख्स उस मे दाखिला ले सकता है। हर शख्स को इस जम्हूरी हुकूमत में इस जम्हूरी दौर में उस में दाखिला लेने के लिए कोई बंदिश या रुकावट नहीं है लेकिन मि० चागला और अली यावर जंग की एक सोची समझी स्कीम के तहत जो कुछ किया जा रहा है उस के लिए हम आप से

जरूर इंसाफ के तालिब हैं और उस के मुताल्लिक मैं यह जरूर कहूंगा कि उस पर आप ठंडे दिल से गौर करें वरना मैं यह अर्ज करना चाहता हूं और यह मैं दुखी दिल से अर्ज करना चाहता हूं कि ख्वाह वह प्राइम मिनिस्टर हों, ख्वाह उन की पूरी कार्बीना हो, अगर यह आर्डिनेंस जो मि० चागला ने अली यावर जंग की राय से जारी किया है तो क्या सन् 1967 के एलेक्शन में इसी का सहारा लेकर वे मुस्लिम कौम से वोट की भीख मांगेंगे ? साढ़े 6 करोड़ मुसलमानों के वोटों से आप यहां आये हैं और यह आप की तहरीरें हैं, यह आप की जबाबदेही है यह आप की तक़रीरें सब मैदान में हमारे सामने होंगी हम अवाम में उस बारे बतलायेंगे उस वक्त आप को मालूम होगा कि अवाम पर उनका क्या असर पड़ा है ? उस वक्त आप से पूछा जायगा कि आर्डिनेंस की मुआफिकत का क्या नतीजा होता है ? हमारी 62 युनिवरसिटियों में यह एक मुस्लिम इदारा है जिसके कि साथ आप यह बेइंसाफी फरमा रहे हैं। आप हमारे साथ जो कुछ कर रहे हैं वह आपके सामने मौजूद है इसलिए मैं आपसे गुजारिश करूंगा कि आप इंसाफ से काम लेते हुए यह आर्डिनेंस जो उन्होंने जारी किया है उस के वापिस लेने पर आप उन्हें मजबूर करेंगे। एक सैकुलर स्टेट के अन्दर एक जम्हूरी हुकूमत के अन्दर यह समारे साथ बड़ा जुल्म हो रहा है। मान लो कि चन्द तुल्बा ने कोई ऐसी हरकत की जिसकी कि वजह से यह आर्डिनेंस जारी करने की जरूरत महसूस हुई तो आप बजाए यह आर्डिनेंस इश्यू करने के क़तई तौर पर उन बच्चों के खिलाफ अदालत में मुकदमात चला सकते थे और वे बच्चे मुजरिम हैं या नहीं इसका फैसला अदालत पर छोड़ देते लेकिन एक माहिरे कानून होते हुए वक्त से पहले आप ने जो मुख्तलिफ़ बयानात उन बच्चों के खिलाफ या अलीगढ़ के खिलाफ़ दिये हैं हो सकता है कि इसका असर उनके मुकदमात पर पड़े। आप एक जज रह चुके हैं। आपके सामने कानून की हर दफात मौजूद हैं। आपके बयानात से उनके मुकदमात मुतासिर हो सकते हैं। आपने बयान दिया है कि बच्चों पर वहां मुकदमात नहीं चल रहे हैं लेकिन अभी 26 तारीख को एक 107/117 का मुकदमा था। इसके अलावा अभी दो रोज का वाकया है पांच बच्चे जिनकी कि जमानतें ली गई थीं लेकिन उस के बाद भी हाशम किदवाई साहब की तहरीर पर जोकि मेरे पास मौजूद है जोकि उन्होंने सी० आई० डी० इंसपैक्टर और एस० पी० को लिख कर भेजी है उसके बमुजिब उन बच्चों की बेल को फौरन कैंसल करके जेल में भेज दिया। इसी तरह से पांच बच्चों को परसों गिरफ्तार किया गया है जबकि अपने मुकदमात की पैरवी करने के लिए गये थे। अब्दुल बासित की बेल कैंसल करके जेल में भेज दिया। अभी युनिवरसिटी के अन्दर एक, एक बच्चे से पूछा जा रहा है कि 25 ता० को तुम कहां थे और अगर नहीं यहां नहीं थे तो क्यों नहीं थे? उस की वजह बतलावें। यह तमाम चीज जोकि वहां की जा रही हैं बच्चों को हिरासा कर रही है। वह अपने तहफ्फुज की ओर सोचे या अपनी तालीम की तरफ सोचे इस पर आप को गौर करना चाहिए और ध्यान देना चाहिए। इस किस्म की हरकतें जो बच्चों के साथ हो रही हैं वह नहीं होनी चाहिएं।

श्री प्रकाशवीर शास्त्री ने मौलवी इसरारुल हक साहब का जिक्र किया जोकि जमीयत के प्रेसिडेंट हैं तो मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि मैं उस जमात का सेक्रेटरी हूं मुझे खुद इसरारुल हक साहब ने कहा था कि अगर तुम मि० चागला ने जो आर्डिनेंस जारी किया है उसकी ताईद कर दो तो तुम्हें बहुत कुछ उस से फायदा हासिल हो सकता है। मैं ने मौलवी इसरारुल हक साहब से साफ़ कह दिया कि मैं इस के लिए कभी तैयार नहीं हो सकता कि मैं अपने

[श्री मुजफ्फर हुसैन]

जाती फ़ायदे के लिए उनके ग्रार्डिनैंस की हिमायत करूं क्योंकि ऐसा करना मेरे नजदीक कौम फरोशी ग्रौर मजहब फरोशी ग्रौर दीनफरोशी होती है जोकि मैं कभी करने को तैयार नहीं हूं। मैं ग्रपने जाती फायदे के लिए इस ग्रार्डिनैंस की हिमायत नहीं कर सकता। मौलाना इसराकुल हक़ ने मुझे तार दिया था जिसमें मुझे कहा था कि उन्होंने मेरा नाम श्री चागला के पास कोर्ट की कौंसिल की मेम्बरी के लिए लिख कर भेज दिया है ग्रौर ग्रगर मि० चागला की तरफ़ से कोई कागज मेरे पास ग्राये तो मैं उस कागज पर ग्रपने दस्तखत कर दूं। ग्रब मौलना इसराकुल हक़ को जो मजहबफरोशी या कौमफरोशी का सिला ग्रापने दे दिया। ग्राप ने उन को मुगल लेन कम्पनी का डायरेक्टर बना दिया ग्रौर उनको ग्रलीगढ़ मुस्लिम युनिवरसिटी कोर्ट का मेम्बर भी नामजद कर दिया है। ग्रब श्री प्रकाशवीर शास्त्री ने जो यह कहा कि मौलना इसराकुल हक़ ने जमीयत के प्रेसीडेंट होने की हैसियत से चागला साहब ग्रार्डिनैंस की ताईद की है तो मेरा कहना यह है कि उन्होंने ग्रपने जाती फायदे की बिना पर ऐसा किया है न कि एक मुसलमान होने की हैसियत से ऐसा उन्होंने किया। उनके सामने ग्रपने जाती फायदे का सवाल था इसलिए उन्होंने मि० चागला की ताईद की न कि उन्होंने ग्रापके जाती मामलात की ताईद की।

जहां तक श्री प्रकाशवीर शास्त्री की इस मजम्मत का ताल्लुक है ग्रौर जनरल शाहनवाज खां या हुमायुन कबिर साहब को किसी जमात के मेम्बर होने का जो उन्होंने इल्जाम दिया तो किसी जमात का बहैसियत मुसलमान होने के उनका मेम्बर होना कोई जुर्म नहीं है ग्रौर वह इस बात की दलील नहीं है कि वह हुकूमत की बॉडी के ग्रन्दर रह कर किसी जमात के मेम्बर नहीं रह सकते है। श्री प्रकाशवीर शास्त्री ग्रगर ग्रपनी जनसंघी ग्रौर महासभाई जहनियत के ऐतबार से शाहनवाज पर ग्रौर हुमायुन कबिर के ऊपर यह इलजाम लगा सकते है तो मैं पूछना चाहता हूं कि क्या हाउस उनको इस बात की इजाजत देगा कि वह इस किस्म की बात करें ग्रौर किसी की जात पर हमला करें ?

मैं ग्राखिर मे ग्रर्ज करूंगा कि मैं श्री यशपाल सिंह के एक एक लफ्ज की ताईद करता हूं ग्रौर ग्राप से गुजारिश करूंगा कि ग्राप चागला साहब को मजबूर करें कि वह ग्रपने इस ग्रार्डिनेंस को वापिस लें।

श्री शिव नारायण (बांसी) : मैं बड़ा ग्रनुगृहीत हूं कि ग्रापने मुझे इस ग्रवसर पर बोलने का ग्रवसर दिया। चूंकि मैं एक टीचर रहा हूं . . . . .

ग्रध्यक्ष महोदय : इसीलिए मैं ने जब माननीय सदस्य को बोलने के लिए बुलाया तो मैंने कहा उस्ताद शिव नारायण।

श्री शिव नारायण : ग्रब ग्राप बजुर्ग है जो भी चाहे कहें।

नेपोलियन जो कि दुनिया का सब से बड़ा कमांडर हुग्रा है उस ने यह कहा था :—

"Those who will obey they can give order."

गत 25 ग्रप्रैल का जो नमूना हमने ग्रलीगढ़ मुस्लिम यूनिवरसिटी में देखा वह निश्चित रूप से इस देश के इतिहास में एक बड़ा गंदा दिन है। जो गुंडेबाजी ग्रौर ग्रनुशासनहीनता उस ग्रवसर पर हमने देखी उससे मारे शर्म के हमारा सिर झुक जाता है। मैं पुरजोर शब्दों में उस की भर्त्सना करता हूं जहां कि इस तरह से वाइस चांसलर को मारा जाये ग्रौर वह तो बच गये बाकी मार डालने में कोई कसर शरारती लोगों ने छोड़ी नहीं थी। इसके विपरीत हमारी संस्कृति हमें क्या

सिखाती है? "ग्रुरी विशम्भरा"। हमारी भारतीय संस्कृति हमें यह पाठ सिखाती है :-

"मातृवत् परदारेश परद्रव्येण लोशष्वत् आत्मैवत सरभूतेषु या पश्यति सः पंडितः" हमारी नसों में यह संस्कृति विद्यमान है और इसलिए यह जो अलीगढ़ में 25 अप्रैल को अशोभनीय और सर्वथा अनुचित व नग्न चित्र उपस्थित हुआ वह कभी भुलाया नहीं जा सकता है। मैं श्री स्वैल से कहना चाहता हूं कि वह अलीगढ़ गये थे कि नहीं? उन्हें अलीगढ़ जाकर स्थिति का पता लगाना चाहिए। अब जो नक़शा वहां पर 25 अप्रैल को हुआ उस को हिन्दुओं ने बर्दाश्त किया क्योंकि हम नौनवाएलैंस के हामी हैं और अहिंसा में पूर्ण विश्वास रखते हैं। हम गांधी और नेहरू जी के बताये हुए मार्ग पर चलते हैं इसलिए हम ने वह सब बर्दाश्त किया। यहां पर उधर से जो कम्यूनलिजम को उभारने वाली स्पीचैंज हुई उनसे मुझे बहुत दुःख पहुंचा है।

जहा तक आर्डिनेंस का सवाल है उस में कोई ऐसी खराबी नहीं है जिसके लिए उधर से चंद दोस्तों ने इतना वावैला मचाया है। गवर्नमैंट के पास आर्डिनेंस लाने के अलावा और कोई चारा नहीं रह गया था वह इसे लागू करने को मजबूर हो गयी थी और यह आर्डिनेंस मेरी समझ में उसने उपयुक्त अवसर पर जारी किया। श्री मुजफ्फर हुसैन ने कहा कि वहां तूलबा ने जो किया वह एक मामूली बात थी लेकिन मैं उनसे जानना चाहूंगा कि क्या किसी आदमी को जान से मार डालने की कोशिश करना एक साधारण बात है? अध्यक्ष महोदय, आप तो स्वय एक जज रह चुके हैं और आप खुद समझ सकते हैं कि क्या यह एटैम्प्ट टू मर्डर क्रिमिनल प्रोसीजर कोड के मातहत नहीं आता है और क्या यह कोई साधारण बात है? वाइस चांसलर ने चिट्ठी लिखी और गवर्नमैंट ने स्टैप लिया। चागला साहब ने कौन सा गुनाह किया। इतिहास इस बात का साक्षी है कि जब मौलाना आजाद एजुकेशन मिनिस्टर थे तो उनको भी आपने बड़ी गालियां दी थी। आज जब चागला साहब एजुकेशन मिनिस्टर हैं तब भी आप आज उन को गालियां देते हैं। इस तरह से मुसलमानों को गालियां देना ठीक नहीं है। मैं कहूंगा कि आप छागला साहब को गालियां नहीं देते हैं बल्कि प्राइम मिनिस्टर साहब को गालियां देते हैं, हिन्दुस्तान की गवर्नमेंट को गालियां देते हैं, जो कोई भी हमारा रिप्रिजेंटेटिव यहां बैठता है, उसको आप गालियां देते हैं। यह बड़े ही दुख की बात है।

हमें मौलाना हिफजुर्रहमान साहब जैसा मुसलमान अलीगढ़ ने पैदा कर के दिया उस पर गुमान है। जब वह हमारे यहां आते थे तो हिन्दू भाई भी और मुसलमान भाई भी उनको बड़े ध्यान से सुनते थे। हमें ऐसे मुसलमान चाहिये, डा० जियाउद्दीन जैसे मुसलमान चाहिये। हमें औरंगजेब नहीं चाहिये, हमें अयूब नहीं चाहिये। जनरल अयूब आज पाकिस्तान में औरंगजेब का खेल खेल रहे हैं। उन्होंने अपने विरोधियों को जेल में बन्द कर दिया है (इंटरप्शंस) जब शिष्य गुरू के पास विद्या हासिल करने के लिये जाते है तो उन को अपने धर्म का भी पालन करना चाहिये। वह उन के लिए ट्रेनिंग ग्राउंड है। हम चाहते हैं कि विश्वविद्यालयों में से हम को अच्छे पंडित मिलें, हमें बड़े विद्वान मिले, हमें मैथेमैटीशियन मिलें, ऐसे लोग वहां से निकले जो कि भारतीय संस्कृति में विश्वास रखने वाले हों। इंडियन कल्चर में विश्वास रखने वाले हों। आज हम को सही मानों में आदमी चाहियें।

आप देखें कि काश्मीर में क्या हो रहा है। काश्मीर के हिन्दू और मुसलमान युनाइटेड हैं और दोनों मिल कर पाकिस्तानियों का मुकाबला कर रहे है। उन्होंने इस एकता को रिपीट किया है। जो उनको मारने के लिए आते हैं, उन को उन्होंने बदले में मारा है। वे भाई-भाई की तरह

[श्री शिव नारायण]

रह रहे हैं। उन्होंने हमलावरों को मुंह तोड़ जवाब दिया है।

मैं चाहता हूं कि हमारे माननीय सदस्य जो इस आर्डिनेंस का विरोध करते हैं, वे अलीगढ़ जा कर देखें, हमारे बदरुद्दुजा साहब वहां जा कर देखें, बनर्जी साहब जा कर देखें कि क्या हालत है और हमने कितना टालरेट किया है। वहां के नग्न चित्र को मैं यहां बयान नहीं करना चाहता हूं, 25 अप्रैल, को जो कुछ वहां हुआ, उस को मैं बयान नहीं करना चाहता हूं, एग्जैमिनेशन हाल में जो घटनाय घटी हैं, उन को मैं बयान नहीं करना चाहता हूं। हमारे हरवानी साहब ने सब हालात बयान नहीं किये हैं। उन पर भी हमला किया गया था। वह बच गए। अलीगढ़ पास में ही है, और मैं किसी को भी दावत देता हूं कि वह जा कर वहां देख ले, जिसकी तबीयत हो, अलीगढ़ जा कर देख ले और हालात का खुद जायज ले ले। वह जगह कोई दूर नहीं है। शिक्षा संस्थाओं को जिन को हम 95 प्रतिशत पे करते हैं, वह पब्लिक मनी है। उस में हर एक आदमी का योग दान होता है, हर एक आदमी जो टैक्स देता है, उस में उसका योगदान है, हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी का इस में योगदान रहता है।

हमारे भाई फ्रैंक एंथनी साहब ने बड़ा जोर का भाषण किया है। मैं उनको बतलाना चाहता हूं कि मैं ब्रिटिश वैस्ट-इंडीज में पैदा हुआ था और मिशन स्कूल में पढ़ा हूं। मैं क्रिश्चियन कल्चर को जानता हूं। मैं कहना चाहता हूं कि जिस तरह का भाषण उन्होंने किया वह उचित नहीं था। बिल्कुल अनुचित था। उन से हमें इस तरह के भाषण की उम्मीद नहीं थी। वह शिक्षा संचालक हैं। बड़ी बड़ी संस्थायें वह चलाते हैं।

हमारे यहां भी एक मुसलमान हैं जोकि कालेज चलाते हैं। उन्होंने मुझ से कहा कि उन्हें पी० एस० पी० वाले कहते हैं कि वे चुनाव के लिए खड़े हो जाए। मैं ने उन से कहा कि वह बस्ती में वही काम कर रहे हैं जो पंडित मदन मोहन मालवीय जी ने बनारस में किया। वह इंस्टीट्यूट में अपनी सारी कमाई दे गए हैं। इस तरह के मुसलमान हमें चाहियें, इस तरह के बड़े बड़े पंडित हमें चाहियें। वे मुसलमान हमें चाहिय जो कुरान की सही सही तालीम दे सकें। सही सही तालीम दे कर जो कनवर्ट कर सकें। इस तरह के मुसलमान आपको चाहियें कि आप पैदा करें।

जहां तक गुंडा गर्दी का सम्बन्ध है, वह चलने नहीं दी जा सकती है। यूनिवर्स्टीज में अगर गुंडागर्दी होगी तो यूनिवर्स्टी का खुदा ही हाफिज। एक नहीं अगर बावन यूनिवर्स्टीज हों तो भी हम को उन को सीधे रास्ते पर लाना होगा और गुंडागर्दी का सफाया करना होगा। इसको हम टालरेट नहीं कर सकते हैं। हम आशा करते हैं कि शिक्षा संस्थायें उत्तम शिक्षा विद्यार्थियों को दें, सुयोग्य औलाद पैदा करें, बढ़िया हिन्दुस्तानी पैदा करें सच्चे हिन्दू मुसलमान पैदा करें, उन में एकता की भावना कूट कूट कर भरें। हमारे सभी जितने विश्वविद्यालय हैं वे ऐसे ही हों।

मेरे मित्र ने लखनऊ, उड़ीसा और न जाने किन-किन विश्वविद्यालयों के बारे में कहा है कि वहां भी गंडागर्दी हुई है। लेकिन में उन को बतलाना चाहता हूं कि वहां कहीं भी वाइस चांसलर को मारने की कोशिश नहीं की गई है, मर्डर करने की

एटेम्प्ट नहीं हुई है । वहां पर उनकी मोटर को फूंका गया है, उन के शीशे तोड़े गए हैं । यह सब हुआ है और यह जायज भी हो सकता था लेकिन एटेम्प्ट टू मर्डर नहीं हुआ है । अलीगढ़ में हमारे अली यावरजंग साहब को मर्डर करने की कोशिश की गई है । हमारे शास्त्री जी ने कहा कि आप अली यावरजंग के साथ हैदराबाद का बदला लेने की कोशिश करना चाहते थे । वह नक्शा आप के दिमाग में था । यह आपकी स्पीचिज बता रही हैं । उन को सुन कर पता चल जाता है कि आपके मन की भावना क्या है । **ए मैन इज नोन बाई दी सोसाइटी ही कीप्स** । आप इस तरह के ही दिखाई देते हैं । यह आपके भाषण से स्पष्ट हो गया है । हम संतोष करते हैं । हम जानते हैं कि किस तरह से टालरेट किया जाता है । हम टालरेट करते हैं । क्षमा बड़न को चाहिये, छोटन को उत्पात । हम क्षमा करना जानते हैं और क्षमा करते भी हैं । हिन्दुस्तान की गवर्नमेंट ने बहुत ईमानदारी के साथ, नेक नीयती के साथ हिन्दुओं, मुसलमानों, सिखों, ईसाईयों को प्रोटेक्शन देने की जिम्मेदारी अपने ऊपर ली है । नेहरू और गांधी की प्रतिज्ञा को हम भूलने वाले नहीं हैं । हम उनके फालोअर हैं । मैं मुसलमान भाइयों से कहता हूं कि हम उनकी कल्चर को प्रोटेक्ट करने में किसी से पीछे नहीं है और न हो किसी से पीछे रहेंगे । मैंने उर्दू को प्रोटेक्शन के लिए कहा है, इनकी संस्कृति को प्रोटक्शन के लिए कहा है । और आप क्या चाहते हैं ? मैं आपको बतलाना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश काउंसिल में बोलते हुए मैंने उर्दू का समर्थन किया था । सियासत अखबार में उनके बारे में एक बड़ा कालम निकला था । मुझे उन अखबार वाले ने बताया था कि शिव नारायण तुम को उतना पता है जितना हमको भी पता नहीं है ।

मैं चाहता हूं कि हम ईमानदार हों । हमारे देश में प्रेम की भावना पैदा हो । देश के रक्षक पैदा हों । हमारे कमांडर्ज जो फ्रंट पर मारे गये हैं, वे देश की रक्षा करते हुए मारे गए हैं, उन्होंने देश की खातिर कुर्बानी दी है । उन में मुसलमान भी थे । आज हमें वैसे लीडरों की, कमांडरों की जरूरत है । वैसे लीडर हमें चाहिये । ऐसे नहीं चाहिये जो हमारे बीच में झगड़ा पैदा करें । डिवाइड एंड रूल की पालिसी को आप सलाम बोलिये । मुसलमान कौन होता है । मुसल्लम ईमान वाला मुसलमान होता है । वैसा मुसलमान हमको चाहिये । मुसल्लम ईमान वाला चाहिये । मैं छागला साहब का समर्थन करता हूं कि उस में जो उन्होंने किया है । वह बड़े विद्वान मिनिस्टर हैं, बहुत बढ़िया मिनिस्टर हैं । इन्होंने हमारे देश का गिर, यू० एन० ओ० में जा कर और हमारे केस को रख कर, ऊंचा किया है । हमें ऐसे ही योग्य और पढ़े लिखे मिनिस्टर की जरूरत थी । इनको कुछ माननीय सदस्यों ने कानून बताये हैं । इनके बारे में उन्होंने कहा है कि ये कानून नहीं जानते हैं । ये चीफ जस्टिस रह चुके हैं । ये कानून के पंडित हैं । इतने बड़े पंडित को हमने यहां बिठा रखा है । चूंकि ये मुसलमान हैं, इस वास्ते इन पर छींटाकशी की जाए यह ठीक नहीं है । ये ऐसे वैसे मुसलमान नहीं हैं, ये पक्के नेशनलिस्ट मुसलमान हैं । मौलाना आजाद और रफी अहमद किदवई की जगह यह काम कर रहे हैं । सही आदमी को हमने एजुकेशन मिनिस्टर बनाया है ।

मैं किसी पर कोई आक्षेप नहीं करता हूं । लेकिन मैं हर मुसलमान से अपील करता हूं कि वह मुसल्लम ईमान वाला आदमी बने और ऐसे ही मुसलमान व हमें पैदा कर के दें । जिन यूनिवर्सिटीज में गड़बड़ियां होती हैं, काम ठीक तरह से नहीं चलता है, उनको हम टालरेट नहीं कर सकते हैं । उनके खिलाफ हमें एक्शन लेना पड़ेगा और जरूरत हुई तो उनको बन्द भी किया जा सकता है । अगर ऐसा नहीं किया गया तो कहां डिसिप्लिन

[श्री शिव नारायण]

रहेगा । तब देश को सम्भालना मुश्किल होगा । इस देश को सम्भालना कमिंग जैनरेशन का काम है । उसको ही यह जिम्मेदारी लेनी है । वही इस मुल्क के भाग्य को बनाने वाली है । हम तो पचास वर्ष के ऊपर हो गए हैं । हम लोग तो टिकट कटा चुके हैं । नौजवानों के हाथ में ही भारत का भविष्य है । हमारा तो चला चली का वक्त है ।

मैं मंत्री महोदय से कहूंगा कि वह एक बहुत ही कम्प्रिहैंसिव बिल लायें फिर चाहे वह हिन्दू यूनिवर्सिटी हो या मुस्लिम यूनिवर्सिटी इस मुल्क में हम प्रेम की शिक्षा चाहते हैं, इस मुल्क में हम चाहते हैं कि एकता कायम हो ।

इन शब्दों के साथ मैं जो आर्डिनेंस जारी किया गया था उस का समर्थन करता हूं ।

अध्यक्ष महोदय दो तकरीरें बहुत जोशीली हो चुकी हैं । अब सुभद्रा जोशी जी सुरीली कोई तकरीर दें ।

श्रीमती सुभद्रा जोशी (बलरामपुर) : अध्यक्ष महोदय, मेरे साथ बेइंसाफी सिर्फ यह है कि इनके बाद मुझ को बोलने के लिए कहा गया है ।

श्री डा० ना० तिवारी (गोपालगंज) : यू० पी० के बाद यू० पी० ।

श्रीमती सुभद्रा जोशी : मेरी जो दिक्कत है उसका एहसास आप कर सकते है ।

हमारे प्रकाशवीर शास्त्री जी ने हम लोगों को बताने की कृपा की है कि डा० सैयद महमूद अलीगढ़ यूनिवर्सिटी की प्रोडक्ट थे । ईश्वर जानता है, मैं तो नहीं जानती हूं कि प्रकाशवीर शास्त्री जी कहां की पैदाइश हैं । जितना जहर उन्होंने अपने भाषण में उगला है उससे आप अंदाजा लगा सकते हैं और शिक्षा मंत्री जी भी अंदाजा लगा सकते हैं कि सदन के बाहर वह कितना जहर उगलते होंगे और कितनी गलत बातें कहते होंगे ।

आज जो आर्डिनेंस हमारे सामने पेश है और जो बिल हमारे सामने पेश है उसकी बदकिस्मती से उसका पुराना दुखदायी इतिहास है, कई वर्षों से । जिस तरह से और कई व्यक्ति शिकार हुए हैं, उसी तरह से अलीगढ़ यूनिवर्सिटी को भी एक टारगेट बना दिया गया है कुछ लोगों का । हमारे माननीय यशपालसिंह जी की बहादुरी की मैं तारीफ करती हूं । उन से मैं इतना ही कहना चाहती हूं कि जो बात वह तमाम हिन्दुओं के बारे में कह रहे थे उसको एमेंड करके यह कह दें कि कुछ फिरकापरस्त लोग ऐसे हैं जो यह सब बात कहते हैं और उन फिरकापरस्तों की तादाद बहुत कम है, वे मुट्ठी भर हैं और ज्यादातर हिन्दुस्तान के लोग चाहे वे हिन्दू हों, मुसलमान हों, भले लोग हैं, शरीफ लोग हैं, फिरकापरस्त नहीं हैं और वे इन फिरकापरस्त भाइयों की बातों को पसन्द नहीं करते हैं । कुछ मुट्ठी भर लोग हमेशा हर एक के खिलाफ इलजाम लगाते हैं । हमारे प्रकाशवीर शास्त्री जी ने अभी जनरल शाहनवाज खां के बारे में कहा । चूंकि समय कम है, इस वास्ते मैं उन में जाना नहीं चाहती हूं । प्रकाशवीर शास्त्री जी के इतिहास से हम वाकिफ नहीं है लेकिन जनरल शाहनवाज खां के इतिहास से दुनिया में कौन वाकिफ नहीं है ? कौन उनको नहीं जानता है । हमारे माननीय सदस्य तो इस में विश्वास करते है कि कीचड़ को इतना उछालो, इतना डालो कि चाहे कोई कितना भी यत्न करे, कितना झाड़े, कितना पोंछे, थोड़ा न थोड़ा लगा ही रहे ।

आज उनकी सहायता, उनकी स्पोर्ट छागला साहब को मिली है । इसको छागला साहब का सौभाग्य समझिये या दुर्भाग्य । पर मैं छागला साहब को यकीन दिलाना चाहती हूं कि वह दिन दूर नहीं जब यहां

प्रकाशवीर शास्त्री जी यही हाल चागला साहब का न करें जो हाल आज वह हुमायूं कबीर साहब का और जनरल शाहनवाज साहब का इस हाउस में करते हैं। क्या उन्होंने यही हाल हमेशा मौलाना आजाद का नहीं किया? जब चागला साहब एजुकेशन मिनिस्टर बने तो प्रकाशवीर जी के खयालात के जो अखबार हैं उन्होंने हजार हजार गालियां चागला साहब को दीं और कहा कि शिक्षा मंत्री एक मुसलमान को बना दिया गया है। यह हिन्दुस्तान की सरकार ने अन्याय का काम किया है।

श्री बड़े (खारगोन) : मौलाना आजाद को किस ने गाली दी?

श्रीमती सुभद्रा जोशी : इस वक्त श्री चागला का जो बिल पेश है मैं उस का दिल से अनुमोदन करती हूं। पर मैं उन से यह कहना चाहती हूं कि जो मुबारक कदम उन्होंने आज उठाया वह अच्छी नियत से उठाया है, अगर उस में कोई गलती रह गई हो जैसा कि शिक्षा के बड़े बड़े एक्सपर्ट और एक्सपीरिएन्स्ड लोग कल कह रहे थे, तो बिल की वह कमी दूर होनी चाहिये। मुझे उम्मीद है कि जो एश्योरेन्सेज श्री चागला ने दिये हैं उनका वह आदर करेंगे, उन का हिन्दुस्तान की सरकार आदर करेगी, पूरी कैबिनेट उन का अनुमोदन करेगी और इस विश्वास को श्री चागला बिल के रूप में सदन के सामने लायेंगे। मैं उन के इस कदम का अनुमोदन करती हूं। मैं श्री चागला से दरख्वास्त करूंगी कि जो बहादुरी उन्होंने दिखलाई है, उन ताकतों को दबाने में, चाहे हम उन को रिएक्शनरी कहें चाहे कम्यूनल कहें, कुछ भी कहें, जो उन को समझ में आया उन्होंने किया, वह उस कदम को आगे और आगे ले जायें।

आज हमारे कालेजेज में, हमारी यूनिवर्सिटीज में, हमारे स्कूल में, चाहे वह हिन्दू यूनिवर्सिटी कहलायें चाहे हिन्दू यूनिवर्सिटी न कहलाये साम्प्रदायिकता के लिये अवसर है। आज सरकारी कर्मचारीगण के लिये आर० एस० एस० में जाना मना नहीं है। सरकारी कर्मचारी, चाहे वह अध्यापक हों चाहे दफ्तरों में काम करते हों, आज कांग्रेस के मेम्बर नहीं बन सकते, सोशलिस्ट पार्टी के मेम्बर नहीं बन सकते, कम्यूनिस्ट पार्टी के मेम्बर नहीं बन सकते, पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मेम्बर बन सकते हैं। पुलिस के लोग भी बन सकते हैं और अध्यापक भी बन सकते हैं। (*Interruptions*) हो सकता है अलीगढ़ यूनिवर्सिटी में लोगों ने, विद्यार्थियों ने, टीचर्स ने आपस में मिल कर ऐसे काम किये हों, चाहे उसे फिरकापरस्ती समझा जाये चाहे पार्टीबाजी समझा जाय, उन्होंने एक दूसरे को पीटा हो। लेकिन क्या हमारे सामने ऐसे नमूने नहीं हैं कि यूनिवर्सिटी और स्कूलों के टीचर और लड़के मिल कर दूसरे लोगों को मारने और पीटने का रोज काम करते हैं, लूटने का काम करते हैं। मैं श्री चागला से बहुत आदर से कहना चाहती हूं कि दूसरा कदम वह शीघ्र उठायें और कम से कम अपने अध्यापकों के लिये एक ऐसा सर्कुलर निकालें कि कोई किसी भी फिरकापरस्त जमात में, चाहे वह कल्चरल कहलाये चाहे वह पोलिटिकल कहलाये, नहीं जा सकता है। यह कदम मंत्री महोदय को जल्दी से उठाना चाहिये।

दुर्भाग्य हमारा यह है कि इस आर्डिनेन्स के पीछे इतना बड़ा इतिहास पड़ा है, और खास कर जब श्री प्रकाशवीर शास्त्री जैसे और दूसरे लोग जहर उगल उगल कर श्री चागला को सपोर्ट करने लगे तो उन के दिल में गलतफहमी हो जाना मुमकिन था। आज मैं भी हिन्दू हूं और मैजारिटी कम्यूनिटी को बिलांग करती हूं। आज मैं कहना चाहती हूं सदन से और दूसरे लोगों से कि हम लोगों पर ज्यादा जिम्मेदारी है। मैं यहां पर मुस्लिम फिरकापरस्ती या ईसाई फिरकापरस्ती या क्रिश्चियन फिरकापरस्ती, किसी की भी हामी नहीं हूं। पर जिन लोगों की गिनती

[श्रीमती सुभद्रा जोशी]

कम है, चाहे कितना ही अच्छा वातावरण हो, उन के दिल में हमेशा शक बना रहता है, एक डर बना रहता है । इस में उन लोगों के साथ न्याय होता है या अन्याय होता है इस बात का सवाल नहीं है । सिर्फ नम्बर की कमी की वजह से ही डर बना रहता है । जब डर बनता है तो उस की वजह से वह सिकुड़ने की कोशिश करते हैं, इकट्ठा हो कर वह अपने को आर्गेनाइज करते हैं । कभी कभी वह बहकाये जाते हैं, कभी कोई गलती भी कर लेते हैं, परन्तु हमारी कम्यूनिटी जो कि मैजारिटी कम्यूनिटी है, हिन्दुस्तान के एक कोने से दूसरे कोने तक हिन्दू फैले हुए हैं, उन से मैं कहना चाहती हूं । यह मैं उन से हिन्दू और मुसलमान के नाम से नहीं कह रही हूं बल्कि कहने की बात है इसलिये कह रही हूं कि आप कितने ही मुसलमान वजीर लायें, कितने ही सिख वजीर लायें, कितने ही ईसाई वजीर लायें, लेकिन हिन्दुस्तान के कोने कोने में आखिर वह मुट्ठी भर रहेंगे । इसलिये हम लोगों का दिल बड़ा होना चाहिये, हमारी जिम्मेदारी होनी चाहिये । हमारा फर्ज है कि हम माइनारिटी कम्यूनिटीज को, मुसलमानों को, सिखों को, ईसाइयों को, यहूदियों को, पारसियों को, जिन को फिर्कावाराना जमातें हिन्दुस्तान का नागरिक मानने को तैयार नहीं हैं, भरोसा दिलायें और उन में विश्वास पैदा करें कि हमारी मैजारिटी कम्यूनिटी ज्यादा जिम्मेदार है । इसलिये मैं चागला साहब से कहना चाहती हूं कि जब वह बिल को सदन के सामने लायें—मैं कम हक या ज्यादा हक देने की बात नहीं कह रही हूं—तो उस में इस बात का खयाल रखा जाये कि सिर्फ इन्साफ किया ही न जाये, बल्कि माइनारिटी कम्यूनिटी सोचे कि उन के साथ इन्साफ हो रहा है, उन्हें इस बात का इत्मीनान हो कि उन के साथ बेइन्साफी नहीं हो रही है ।

यहां पर कल चूंकि यह बात कही गई कि क्या हिन्दू कल्चर है, क्या मुसलमान कल्चर है और क्या हिन्दुस्तानी कल्चर है । मैं हिन्दू और मुसलमान कल्चर की बात नहीं कहती । मैं चाहती हूं कि हमारे यहां के लोग अपने आप को हिन्दू, मुसलमान, सिख, ईसाई, ब्राह्मण, वैश्य और शूद्र कहने के बजाय इन्सान कहा करें । जिस दिन ऐसा हो जायेगा वह दिन हिन्दुस्तान और दुनिया के लिये बहुत बड़ा दिन होगा । मैं किसी कल्चर की बुराई नहीं करती, लेकिन क्या हमारे मुंह से शोभा देता है कि जब मुसलमान का सवाल हो तो हम मुस्लिम कल्चर नहीं है यह बात कहें और जब हिन्दू का सवाल हो तो हम हिन्दू कल्चर की बात कहें । क्या हम को इस तरह से कहना चाहिये । क्या हम माइनारिटीज से कहें कि यहां न ईसाई कल्चर है, न मुस्लिम कल्चर है, न सिख कल्चर है, यहां सिर्फ इंडियन कल्चर है । और फिर अक्सर यह देखने में आया है कि अगर पूछा जाता है कि इंडियन कल्चर क्या है तो कहा जाता है कि हिन्दू कल्चर । इंडियन कल्चर की डेफिनिशन हिन्दू कल्चर मुट्ठी भर फिर्कापरस्त लोग देते हैं । मैं ने श्री यशपाल सिंह जी से कहा कि वह सारे हिन्दुओं का नाम लेने के बजाय मुट्ठी भर फिर्कापरस्त लोगों और फिर्कापरस्त जमातों का नाम लें क्योंकि जब ऐसे लोग प्रचार करते हैं तो जिन लोगों की कम गिनती है उन के दिल में बहुत शक व शुबहा आने लगता है । जब मैं यह बात सदन में कह रही हूं कि सारे हिन्दुओं का नाम यहां पर न लिया जाये तो एक बात माइनारिटी कम्यूनिटीज से भी हाथ जोड़ कर कहना चाहती हूं । मैं उन से निवेदन करना चाहती हूं कि वे इस ट्रैप में न आयें । आज हम लोगों को, कांग्रेस के सदस्यों को, हिन्दुस्तान के लोगों को, हिन्दुस्तान के हिन्दुओं को, इस चीज का एहसास है कि माइनारिटी की जिम्मेदारी उन के ऊपर है । वह लोग माइनारिटी की मुसीबतों से वाकिफ हैं और उन के दिल में जो शक व शुबहा है उस से वाकिफ हैं । माइनारिटी कम्यूनिटीज को भी होशियार होना चाहिये । कहीं ऐसा न हो कि

वह अपने आप को मुसीबत में डाल लें । जब एक आदमी बीमार होता है तो बहुत से डाक्टर जमा हो जाते हैं । कोई कहता है कि ऐलोपैथिक इलाज करो, कोई कहता है कि हकीम का इलाज करो, कोई कहता है कि टोना टोटका करो, कोई कहता है कि झाड़ा फूंका करो । जब इतने डाक्टर राय देते हैं तो मरीज के लिये बड़ा नुकसान हो जाता है । माइनारिटीज से मैं निवेदन करूंगी कि जहां वह हिन्दुस्तान की और बातों को सहन करते हैं, अगर श्री चागला ने पहला कदम फिर्कापरस्ती खत्म करने के लिये उठाया है, तो उन को उस को भी सहन करना चाहिये । भले ही माइनारिटीज के दिल में इस बारे में कोई डर या शक हो, मेरे दिल में कोई शक नहीं है । अगर उन लोगों के दिल में ऐसा खयाल है कि इस में कोई गलती है तो भी मैं उन से कहूंगी कि वह तो भी इस के लिये श्री चागला को मुबारकबाद दें और श्री चागला के दूसरे कदम का इन्तजार करें, जब वह दूसरे स्कूलों से, दूसरे कालेजेज से दूसरी यूनिवर्सिटीज से फिर्कावाराना चीजों को खत्म करने के लिये अपने यहां से एक सर्कुलर निकालेंगे कि कोई टीचर, कोई अध्यापक आर० एस० एस० का मेम्बर नहीं बन सकता है जो कि हिन्दुस्तान में मुसलमानों को, ईसाइयों को, यहूदियों को, पारसियों को हिन्दुस्तान का नागरिक नहीं समझता है । जब उन लोगों को वह ऐसी जमातों में जाने से मना करने के लिये आगे आयेंगे तब मैं फिर उन को दुबारा मुबारकबाद दूंगी ।

श्री बड़े : अध्यक्ष महोदय, आज आप ने मुझे इतनी जोशीली स्पीच होने के बाद आखिरी मौका दिया है ।

अध्यक्ष महोदय : बाज वक्त जो अच्छे बोलने वाले होते है उन को आखीर में रखा जाता है ।

श्री बड़े : इस के वास्ते मैं आप को धन्यवाद देता हूं कि मेरी बहन श्रीमती सुभद्रा जोशी का भाषण होने के बाद आप ने मुझे बोलने का मौका दिया क्योंकि पिछले चार सालों से जब जब मैं उन का भाषण सुनता हूं तो उस में आर० एस० एस० और फिर्कापरस्ती के खिलाफ बोलने के सिवाय और कुछ सुनाई नहीं पड़ता है । इसीलिये मैं उनका भाषण हमेशा बड़े गौर से सुनता हूं । मैं उन से कहना चाहता हूं कि अगर दरअस्ल हम में कोई बुराई है तो हमें वे देश से बाहर निकाल दें । हम वहां जाने के लिये तैयार है । लेकिन मैं उन से पूछना चाहता हूं कि आखिर आर० एस० एस० ने उन का क्या नुकसान किया है ।

इसके बाद मैं कहना चाहता हूं कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय सम्बन्धी आर्डिनेन्स और बिल जो माननीय मंत्री महोदय लाये है मैं उस का समर्थन करता हूं । और उस आर्डिनेन्स के विरोध में जो प्रस्ताव श्री यशपाल सिंह ने रखा है उस का विरोध करता हूं । श्री चागला को धन्यवाद इसलिये देता हूं कि वह आज अग्नि परीक्षा में से गुजर रहे है । इस अग्नि परीक्षा में ही उन्हें थ्रेटनिंग लेटर्स आते है और कहा जाता है कि :

"Mr. Chagla and Mr. Ansar Harvani and a few others may be regarded as leaders of the neo-nationalists or Sangh nationalists."

ऐसा संगीत सा बनता है कि वह संघ के मुस्लिम है, संघ के नेशनलिस्ट्स है । उन को थ्रेटनिंग लेटर्स आते है कि हर तरह के परिणामों के लिये तैयार हो जाओ । इतना ही नहीं, मुस्लिम पेपर्स जो है उन में भी इसी तरह की बातें लिखा होती है :

"Mufti Atiqur Rehman, Working President of the pro-Congress Jamiat-ul-Ulema-i-Hind has in a statement threatened that if any change was made in the AMU constitution, Indian Muslims 'would resist it with their full strength'. The Jamiat organ Al Jamiat has voiced similar views

[श्री बड़े]

and has said (May 14) that Indian Muslims 'would not allow the AMU to be sacrificed at the altar of secularism'. The Daily Dawat of the Jamaat-e-Islami has asked the University to stop taking grants from Government and then get ready to fight the changes that are going to be made in its Islamic character."

13·30 hrs.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

अभी मेरे पूर्व वक्ता ने कहा कि आप सन् 1967 में जब वोट मांगने आवेंगे तो मुसलमान आप को एक भी वोट नहीं देंगे । कांग्रेस को आख खोल कर और कान खोल कर सुनना और देखना चाहिए कि सरकार एक छोटा सा आर्डिनेन्स लायी उस पर उनके खिलाफ कहा जा रहा है कि हम सन् 1967 में वोट नहीं देंगे । आप के खिलाफ पत्रों में इस प्रकार के थ्रेटनिंग लेटर आते हैं :

> "The Weekly Siraat from Delhi has sought to hit the Congress party on a tender spot by telling it that this "mischievous" move of Government "will lead to the Congress" doom among Muslims."

तो इस प्रकार के थ्रेटनिंग लेटर पत्रों में आते है । इन से वातावरण को गरम कर दिया जाता है । हमारी बहिन जो तो सदा यही कहती हैं कि आर० एस० एस० वाले या जन संघ वाले ऐसे है वैसे है, लेकिन मैं चागला साहब को खातिरी दिलाना चाहता हूं कि हमारी पार्टी सेशनलिस्ट विचार की है और जो सेशनलिस्ट है हम उनके साथ है । हम मुसलमानों के विरुद्ध नहीं है । हम ने उनके साथ एक देश में जन्म लिया है, हम उनके साथ जियेंगे और उनके साथ मरेंगे । हम उनके खिलाफ नही है । लेकिन जो पाकिस्तान जिन्दाबाद का नारा लगाते है, जो यह कहते हैं कि हम के लिया है पाकिस्तान, लड़ के लेंगे हिन्दुस्तान, उन लोगों को हम तो क्या कोई कांग्रेस का मेंबर भी बर्दाश्त नहीं करेगा ।

मैं ठाकुर साहब से पूछना चाहता हूं कि क्या वहां इस प्रकार के नारे नहीं लगाये गये कि पाकिस्तान जिन्दाबाद, क्या 25 अप्रैल को वहां ऐसे नारे नही लगाये गये कि खून का बदला खून से लेंगे, तुम ने उस्मानिया यूनीवर्सिटी को खत्म कर डाला और अब इसे खत्म करने आये हो ? उनके वास्ते एक अर्थी तैयार की गयी थी । क्या यह बात सही नहीं है । मैं ठाकुर साहब से पूछना चाहता हूं कि क्या वह "पाकिस्तान जिन्दाबाद" का नारा पसन्द करेंगे और अगर वह पसन्द करेंगे तो वह देश के शत्रु है

श्री यशपाल सिंह (कैराना) : नहीं पसन्द करेंगे ।

श्री बड़े : कम्युनिस्ट सदस्या श्रीमती रेणु चक्रवर्ती ने कहा कि वहां कोई आर० एस० एस० का भीमसेन नामक व्यक्ति था जिसने ऐसे नारे लगाये थे । उनका सदा यह उद्योग रहता है कि ऐसी बातों के साथ किसी हिन्दू को आर० एस० एस० या जनसंघ का कह कर जोड़ दें । वह कहती हैं कि "पाकिस्तान जिन्दाबाद" का नारा उसने लगाया । अगर उसने लगाया तो मैं उसको धिक्कार कहूंगा और कहूंगा कि वह हिन्दुस्तान में रहने लायक नहीं है । जो हिन्दुस्तान को अपनी मातृभूमि समझते है चाहे वे हिन्दू हों, मुसलमान हों, पारसी हों, सिख हों, कोई भी हों, जो गंगा जमुना को माता समझते हैं, वे हिन्दुस्तानी हैं । और "पाकिस्तान जिन्दाबाद" का नारा लगाने वाला, चाहे वह हिन्दू हो या मुसलमान, वह यहां नहीं रह सकता ।

25 अप्रैल को क्या हुआ ? एक बड़ी दुखद घटना हो गयी । कोई 1200 विद्यार्थियों ने अलीयावर जंग को मारा यहां तक कि वह

बेहोश हो गये और उनके शरीर में अनेकों फ्रेक्चर हो गये, बेहोश होने के बाद उनको दो जनों ने बचाया। मैं पूछता हूं कि इसके पीछे कौन सी भावना थी ? इसके पीछे यह भावना थी कि अलीयावर जंग को वहां नहीं रहना चाहिए। वहां के प्रोवाइस चांसलर नहीं चाहते थे कि अलीयावर जंग वहां वाइस चांसलर रहें और मैं ठाकुर साहब को बताना चाहता हूं कि वह थे डा० यूसुफ। उनका इतिहास इस प्रकार है :

"Dr. Yusuf was Reader in History, and Nawab Ali Yavar Jung was Professor of History in Osmania University, Hyderabad in 1947-48. Ali Yavar was a nationalist, Yusuf Hussain was a Razakar leader.

After the Police action, Yusuf Hussain fled to Pakistan and from there went to UNO to plead for independent Hyderabad. Sardar Patel vowed that he shall not come back to India. After the passing of the Sardar, however, this gentleman persuaded New Delhi to let him in. He is said to befurious that Ali Yavar, and not he himself, was chosen as Vice-Chancellor.

उनकी यह महत्वाकांक्षा थी कि वह वाइस चांसलर बनें और इसलिए उन्होंने मुसलमानों को यह कह कर उभारा कि इस्लाम खतरे में है, मुसलमानों के हक मारे जा रहे हैं, यह कह कर उसने फिरकापरस्त लोगों को तैयार किया। इन्ही लोगों के मारफत अलीगढ़ पाकिस्तान के लिए जम्पिंग ग्राउंड के रूप में तैयार किया जा रहा है। जैसा कि प्रकाशवीर शास्त्री ने अपने भाषण में बताया कि जब भारत के खिलाफ कोई बात होती है तो वहां बड़ा उत्सव मनाया जाता है। वहां एक ऐसा फिरका तैयार हो रहा है, उसको उभारा गया और अलीयावर जंग को मार खानी पड़ी। ऐसी स्थिति में वहां कौन वाइस चांसलर रहने को तैयार होगा। ऐसे अवसर पर चागला साहब का कर्तव्य था कि वह हस्तक्षेप करते, और उन्होंने ऐसा किया। इतना ही नहीं कि इस बारे में चागला साहब को सिर्फ अलीयावर जंग ने ही लिखा है, वहां पर उस समय पी० एन० सप्रू साहब भी मौजूद थे, उन्होंने कहा है :

"Shri P. N. Sapru, M.P. and member of AMU Court has said":

"There was a determined effort to assassinate the Vice-Chancellor, and I had not the slightest doubt in my mind that this agitation about 75 per cent was only a camouflage. They wanted to kill the Vice-Chancellor. It was a miracle that he survived. And I was myself save by two prominent members of the Court, Mr. Attiqualla Khan of Allahabad and Mr. Hyder. I shall never forget my debt of gratitude to them."

और आगे अलीयावर जंग ने जो पत्र चागला साहब को भेजा उसमें लिखा है :

"In the course of his letter to Mr. Chagla, Ali Yavar Jung writes:

"Far more important than the question of the physical or spiritual injury sustained by me is the question of the continuing existence in the Muslim University of a well entrenched minority of men with possible ramifications in Aligarh town and elsewhere, who are more than merely communal and have deeply reactionary and fascist leanings. . ."

